SHRI V. NARAYANASAMY : Madam, senior leader of the House hon. Mulayam Singh Yadavji has raised a very important issue. Urdu is a very important language of our country. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, all those who want to associate themselves with this very important issue, namely importance of the Urdu language, please send your names to the Table. Let the hon. Minister respond now because the 'zero hour' people are waiting.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मुलायम सिंह जी, इस तरह नाराज होने से तो नहीं चलेगा कि आप नाराज़ हो जायें। आप बैठ जाइये। माननीय मंत्री जी जवाब दे रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री गोपीनाथ मुंडे (बीड): अध्यक्ष महोदया, मैं अपनी बात कहना चाहूंगा।

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, आप एक वाक्य में खत्म कीजिये।

श्री गोपीनाथ मुंडे : अध्यक्ष महोदया, श्री मुलायम सिंह जी ने उर्दू भाषा के लिये जो कहा, उर्दू भाषा देश की भाषा है, किसी धर्म की भाषा नहीं है। इसलिये, उर्दू भाषा के महत्व को समझना चाहिये, उसे महत्व देना चाहिये। उर्दू लैंग्वेज़ के एडवरटाइजमेंट बंद करना गलत है। हर भाषा इतनी अच्छी भाषा है, उस पर अन्याय हो रहा है, वह अन्याय दूर करना चाहिये।

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): अध्यक्ष महोदया, यह सही है कि उर्दू जुबान बहुत ही मीठी जुबान है, इस से इनकार नहीं किया जा सकता है। हम लोग जानते हैं कि पुराने जमाने में खतो-किताबत उर्दू जुबान में ही लिखे जाते थे. इसलिये इस मामले पर चर्चा होनी चाहिये। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज उत्तर प्रदेश सरकार को उर्दू के विकास के लिये पूरा समर्थन दिया जाना चाहिये।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : लालू जी, आप बैठ जाइये. श्री महबूब बेग को बोलने दीजिये। लालू जी वौल्यूम ऊंचा न करिये। आप बहुत ऊंचा स्वर क्यों ले जा रहे हैं? आप पहले बेग जी को बोल लेने दीजिये। आप बैठिये।

डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग(अनंतनाग): मैडम स्पीकर, मैं अपने अपने आपको इनकी फीलिंग्स के साथ एसोसिएट करना चाहता हूं...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : यह क्या हो रहा है? इतनी मीठी जुबान में बात करते समय शोर नहीं मताइये। आप बातों में मिठास लाइये। बेग जी बोलिये।

डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग: मैडम, मैं हाऊस की फीलिंग्स देखकर अपने आपको एसोसिएट करता हूं। हम बहुत एनकरेज फील कर रहे हैं मगर जबानी जमा-खर्च से कुछ नहीं होगा।

काइन्डली इसकी तरफ तव्वजो दी जाये। यह भाषा हमारी तहजीब, हमारी तमद्दुन से जुड़ी हुई है। हमारी जड़ें इस जुबान के साथ जुड़ी हुई हैं। मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि उर्दू के साथ इंसाफ किया जाय। पूरा हाऊस कह रहा है कि उर्दू के साथ इंसाफ करें। मगर प्रैक्टिकली यह हो रहा है कि उर्दू भाषा में जो न्यूजपेपर शाया होते हैं, उन्हें एडवरटीजमेंट्स नहीं मिलते हैं, उन्हें कोई एनकरेजमेंट नहीं मिलता है।

महोदया, इसके लिए आपकी तरफ से डायरेक्शन आना चाहिए। यह सारे हाउस का कंसर्न है कि इस जुबान के साथ नाइंसाफी हुई है, इम्तियाज हुआ है, इसे हमारी तहजीब और हमारी तमद्दुन के साथ जुड़ी हुई जुबान समझा जाये और इसकी फरोग़ के लिए आज से ही तमाम इक्दामात उठाये जायें, जिससे इस हिन्दुस्तान की जुबान को एक ऐसा वकार मिले, जिसकी यह पूरी हकदार है। धन्यवाद।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्ला): महोदया, मैं उर्दू में बोलूगा।

अध्यक्ष महोदया : आप उर्दू में ही बोलिये।

डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्ला : महोदया, मैं खासकर शत्रुघ्न सिन्हा साहब से कहना चाहता हूं क्योंकि ये फिल्मी दुनिया को रिप्रजेंट करते हैं। उर्दू को अगर किसी ने जिन्दा रखा है तो वह हिन्दुस्तान की फिल्म इंडस्ट्री है। मैं आज सारे सदन में यह कहना चाहता हूं कि अगर आप लोग नहीं होते तो उर्दू कब की मर गयी होती। मैं तहे-दिल से आपकी सारी इंडस्ट्री का शुक्रिया अदा करता हूं और उम्मीद करता हूं कि हिन्दुस्तान में उर्दू उसी तरह चमकेगी जिस तरक बाकी जुबानें चमक रही हैं। ऐसा होगा और इसमें कोई भेदभाव नहीं होगा। मैं वित्त मंत्री जी से भी गुजारिश करूंगा कि हिन्दुस्तान की केंद्र सरकार को ज्यादा से ज्यादा एडवरटीजमेंट उर्दू के अखबारों को देने चाहिए, जिससे ये अखबार जिन्दा रह सकें नहीं तो ये मर जायेंगे।...(व्यवधान)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): महोदया, यह पहला मौका है जब हाउस के सभी साइड्स और विशेष रूप से बीजेपी के डिप्टी लीडर ने भी उर्दू के लिए अपना समर्थन दिया है।...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना): हमने कभी विरोध नहीं किया है।...(व्यवधान)

श्री गुलाम नबी आज़ाद : मैं आपकी तारीफ ही कर रहा हूं, गाली नहीं दे रहा हूं। विशेष रूप से बीजेपी के डिप्टी लीडर ने भी अपना समर्थन उर्दू के लिए दिया, जो बहुत ही खुशी की बात है। अफसोस की बात यह है कि अभी दस-बारह दिन पहले पूरे देश के उर्दू के जो पत्रकार दिल्ली मे हैं, वे मुझसे मिले और उन्होंने कहा कि अगर इस उर्दू जुबान को जिन्दा रखना है तो उर्दू चलाने वाला पत्रकार या एडिटर, एडिटर भी वही होता है, प्रिंटर, पब्लिशर और प्रोपराइटर भी वही होता है और वह गरीब होता है। प्रिंटर, पब्लिशर, प्रोपराइटर और एडिटर एक ही आदमी क्यों होता है? वह इसलिए होता है क्योंकि वह गरीब है। वह इतना

पैराफरनेलिया नहीं रखता है। कभी-कभी कॉरेस्पान्डेंट भी खुद ही होता है। ऐसा गरीबी की वजह से होता है। बहुत साल पहले जब 1990 के दशक में हमारी वर्ष 1996 तक सरकार थी तो पूरे देश में उन्हें विज्ञापन मिलते थे, लेकिन बीच में कम हो गये। रीजनल भाषाएं बहुत अच्छी हैं। हमारी रीजनल भाषाएं बहुत सी हैं। मैं बहुत चाहता हूं कि तमिल, तेलुगू, मलयालम, मराठी, गुजराती, सभी रीजनल भाषाएं फले-फूलें।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत होकर सुनिये।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : जिन राज्यों में रीजनल भाषाएं हैं, उनके 90 प्रतिशत विज्ञापन उन भाषाओं में ही दिये जाते हैं, लेकिन उर्दू की कोई पर्टिकुलर स्टेट नहीं है। इसलिए उसे विज्ञापन कहां से मिलेंगे? उर्दू पूरे हिन्दुस्तान की भाषा है। आप बंगाल में देखिये, नम्बर वन ए क्लास के अखबार कोलकाता से निकलते हैं। ये आज से नहीं, आजादी के समय से निकलते हैं और ये आजादी की जद्दोजहद में शामिल थे। हैदराबाद साउथ में है और सबसे बड़े पेपर वहां से निकलते हैं, बैंगलुरू साउथ में है, वहां से उर्दू के पेपर निकलते हैं, मुम्बई से उर्दू के पेपर निकलते हैं, पटना से उर्दू के पेपर निकलते हैं, लखनऊ से उर्दू के पेपर निकलते हैं, चेन्नई से निकलते हैं। चार साउथ इंडियन स्टेट्स है, उन सभी राज्यों से उर्दू के पेपर निकलते हैं, ईस्ट के स्टेट्स से उर्दू के पेपर निकलते हैं।

पंजाब केसरी तो 20 साल पुराना है, लेकिन हिंद समाचार जो कि उर्दू का सबसे बड़ा पेपर है, उसका असली वर्ज़न आजादी से पहले का है। यह दिल्ली से पेपर निकलता था...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): सरकार आपकी है तो आप कर लीजिए। आप हमें क्यों सुना रहे हैं?...(व्यवधान)

श्री गुलाम नबी आज़ाद : इसमें सरकार को ही देना ही होगा।...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव: आपकी सरकार है। आप उनको कहिए...(व्यवधान)

श्री गुलाम नबी आज़ाद : मैंने कल इस बात को कहा था। आप मेरे जवाब के समय मौजूद नहीं थे। कल वित्त मंत्री जी और मैंने जवाब दिया कि किसी भी पॉलिसी को इम्पलीमेंट केवल केन्द्रीय सरकार नहीं कर सकती है।...(व्यवधान) अब 70 का दशक नहीं है, जब केन्द्र और राज्यों में एक पार्टी की हुकूमत होती थी। आज सभी पार्टियां विपक्ष में हैं और सभी पार्टियां सत्ता में हैं, क्योंकि किसी राज्य में एक पार्टी सत्ता में है तो दूसरे राज्य में विपक्ष में है। इसलिए उर्दू को केवल केन्द्रीय सरकार के स्तर पर ही नहीं बल्कि सभी राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों में इसकी सहायता करनी होगी।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : यदि आप बहस करना मुनासिब समझते हैं तो नोटिस भेज दीजिए। इस पर पूरी बहस हो जाएगी। अभी हम शत्रुघ्न सिन्हा जी को फ्लोर देते हैं।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हम चाहते हैं कि आप इस पर चर्चा स्वीकार करें।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बोल चुके हैं। अब आप इनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री शत्रुघ्न सिन्हा (पटना साहिब): अध्यक्ष महोदया, सबसे पहली बात यह है कि मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी ने बहुत बढ़िया विषय उठाया और दुखती रग पर हाथ रख दिया है। आज उर्दू के साथ जो हो रहा है, जैसा गोपीनाथ मुडे जी कह रहे थे, उर्दू हमारी भाषा है, यह किसी धर्म विशेष की भाषा नहीं है। उर्दू हर धर्म की भाषा है, उर्दू मानवता की भाषा है, उर्दू प्रोग्रेस की भाषा है और उर्दू हिन्दुस्तान की भाषा है। अभी फिराक गोरखपुरी का जिक्र किया गया। फिराक गोरखपुरी ने अपनी पूरी जिन्दगी उर्दू की खिदमत में लगा दी। मेरा ख्याल है कि भारतवर्ष में गालिब के बाद उर्दू में सबसे ज्यादा किसी का नाम है, तो वह फिराक गोरखपुरी साहब का है। अभी जैसा कि हमारे भाई फारूख अब्दुल्ला साहब ने कहा कि फिल्मों का इसमें बहुत बड़ा योगदान है, यकीनन भाषा के मामले में चाहे हिन्दी हो, चाहे उर्दू हो, दोनों हमारी अपनी भाषाएं हैं, इनके प्रमोशन में, प्रोटैक्शन में, प्रोजेक्शन में अगर सबसे ज्यादा किसी का हाथ है, तो हमारी भारतीय फिल्मों का है। भारतवर्ष का कोई ऐसा प्रदेश नहीं है और शायद कोई ऐसा नागरिक नहीं है, जो अपने आम जीवन में रोज़ाना उर्दू का प्रयोग नहीं करता हो। आम आदमी तखलिया हो या तनहाई हो, आम आदमी हो या खास आदमी हो, जो भी वह सब उर्दू है। उर्दू-हिन्दी का इतना अच्छा संगम है कि हम गंगा-जमुनी तहजीब की बात कहते हैं। गंगा-जमुना तहजीब की तरह से एक दूसरे में समावेश है। यह हमारी भाषा है, भारतवर्ष की भाषा है। अब इसके लिए आगे सरकार क्या कदम उठा रही है, इसको आगे कैसे और मजबूत करेगी, कैसे इसका और प्रचार-प्रसार हो, कैसे इसको उरूज़ तक लेकर जाएं। सरकार इसके साथ न्याय कर रही है या नहीं कर रही है? हमारे उर्दू के अखबार पूरे देश में निकलते हैं, पटना में हैं, चेन्नई में हैं, महाराष्ट्र में हैं, दुनिया के हर कोने में हैं।...(व्यवधान)

यू.पी., बंगाल, चेन्नई और महाराष्ट्र से लेकर नार्थ इंडिया, नार्थ-ईस्ट, वेस्ट और साऊथ सब जगह है, लेकिन क्या उर्दू के अखबारों को जो समर्थन मिलना चाहिए, वह हमारी और हमारी सरकार की तरफ से मिल रहा है? क्या उर्दू भाषा को स्कूल और कॉलेज में जो एहमियत मिलनी चाहिए, वह वहां मिल रही है और अगर नहीं मिल रही है तो क्यों नहीं मिल रही है, क्योंकि यह हमारी भाषा है, आम आदमी की भाषा है,

फिल्मों की भाषा है, आपकी और पूरे पार्लियामेंट की भाषा है, सब की भाषा है। देश में एक भी आदमी ऐसा नहीं होगा, मैं उर्दू की बात कर रहा हूं, जो एक वाक्य भी उर्दू की बैसाखी के बगैर पूरा करता हो, कोई भी वाक्य ऐसा नहीं है, यानी उर्दू बैसाखी भी है, यह हमारा साथ भी देती है, यह हमारे साथ है। उर्दू सदियों से चली आ रही है, मैं समझता हूं कि सरकार को इसके लिए आगे कुछ और ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। उन अखबारों की और हौसला अफज़ाही करनी पड़ेगी, उनको बढ़ाना पड़ेगा। उर्दू का प्रचलन स्कूल, कॉलेजेस में तथा हर जगह होना चाहिए। आज हम जैसे संस्कृत और हिन्दी पर जोर दे रहे हैं, उससे ज्यादा नहीं तो उतना ही उर्दू पर भी जोर देना चाहिए। धन्यवाद।...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, I would like to say one thing.

MADAM SPEAKER: Let these two Members also speak and then you can respond.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए, आपको हम हमेशा मौका देते हैं।

...(व्यवधान)

श्री गुरुदास दासगुप्त (घाटल): अध्यक्ष महोदया, हम यह कहना चाहते हैं कि उर्दू हिन्दुस्तान की मेहनतकश जनता की भाषा है। उर्दू की तरक्की के लिए सरकार की तरफ से कार्यवाही करना जरूरी है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए।

श्री गुरुदास दासगुप्त : मैडम, हम यह बात बोलना चाहते हैं कि सिर्फ एडवरटाइज़मेंट नहीं, उर्दू की प्रमोशन और तरक्की के लिए हम हिन्दुस्तान में ज्यादा उर्दू अकादमी मांगते हैं।...(व्यवधान)

मैडम, हम चाहते हैं कि उर्दू भाषा की तरक्की के लिए सरकार कार्यवाही करे और हिन्दुस्तान की जनता की तरक्की के लिए उर्दू का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया जाए। हिन्दी के साथ उर्दू को भी स्थान दिया जाए, यह मेरी सरकार से अपील है।...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): अध्यक्ष महोदया, उर्दू एक भारतीय भाषा है और यह सबसे मीठी भाषा है। उर्दू भाषा-भाषी हमारे देश के हर प्रांत में हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: सिर्फ बसुदेव आचार्य जी की बात ही रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान) *

श्री बसुदेव आचार्य: देश आजाद होने के बाद उर्दू को केन्द्रीय सरकार की तरफ से जितनी सहायता मिलनी चाहिए थी, उतनी नहीं मिली।...(व्यवधान) उर्दू भाषा के विकास और प्रमोशन के लिए उतना समर्थन नहीं मिला।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Do not start giving a long lecture. You have to just associate yourself with it. Members have given notices to raise matters under 'Zero Hour'.

एक माननीय सदस्य: उर्दू का सपोर्ट हिन्दी में हो रहा है, धन्यवाद।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए।

श्री बसुदेव आचार्य: उर्दू भाषा हमारे देश की भाषा है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आपने बोल लिया है, अब आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : इसके विकास के लिए केन्द्र सरकार को और ज्यादा मदद देनी चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: ठीक है, धन्यवाद, बहुत शुक्रिया।

...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : हमारे बंगाल में उर्दू अकादमी चालू हुई है, हर राज्य में उर्दू अकादमी चालू होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, उर्दू के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। हमारी मांग है कि उर्दू के विकास के लिए हर तरह का कदम केन्द्र सरकार को उठाना चाहिए। मैं माननीय मुलायम सिंह जी का आभार व्यक्त करता हूं, जो उन्होंने आज यह महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाया है। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing would go on record now.

(Interruptions) ... *

रेल मंत्री (कुमारी ममता बनर्जी): मैडम स्पीकर, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे इस मौके पर बोलने का अवसर दिया। मैं, जनता की मदद, इशारे, मेहरबानी, दुआ और कामयाबी से इस हाउस की बहुत समय से मैम्बर हूं। आज उर्दू भाषा के बारे में हाउस में जो चर्चा हो रही है, वह इससे पहले मुझे देखने को नहीं

* Not recorded.

मिली। इसलिए मैं श्री मुलायम सिंह जी और हर मैम्बर को इसके लिए बधाई देना चाहती हूं। Urdu is a sweet language. I love this language.

मैं कहना चाहती हूं कि उर्दू की जो शायरी होती है, वह सबकी जुबान पर होती है। उसका एक-एक शब्द हमारी जुबान से बुलन्द होता है। जैसे हिन्दी हमारे देश की एक महत्वपूर्ण लैंग्वेज है, वैसे ही हर प्रदेश की अपनी लैंग्वेज होती है और विशेष रूप से उर्दू। मैं कहना चाहूंगी कि रोजा का महीना भी आ रहा है। इसलिए उर्दू की तरफ ज्यादा ध्यान देना जरूरी है। मैं कहना चाहूंगी कि-

"खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तदबीर से पहले
खुदा बंदे से खुद पूछे कि बता तेरी रजा क्या है।"

जब हम आज उर्दू लैंग्वेज के बारे में डिसकशन कर रहे हैं, तो दो-तीन बातें बहुत जरूरी हैं। एक तो उर्दू अखबारों को जो एड दिया जाता था, जिसे बन्द कर दिया गया है, उसे चालू किया जाए। इसमें बहुत गरीब आदमी बहुत कम संसाधनों से काम करते हैं। दूसरी बात है कि हमारे देश में मदरसों की बहुत जरूरत है। टीचर्स नहीं मिलते हैं। हमारे देश में कई जगह ऐसी हैं जहां 10 परसेंट लोग उर्दू स्पीकिंग हैं। हमारे कोलकाता में तो बहुत हैं। जैसे आसनसोल, दुर्गापुर, बानपुर, हावड़ा, बैरकपुर और इस्लामपुर एरिया जैसे बहुत एरियाज हैं, जहां उर्दू ज्यादा बोली जाती है। वहां हमारी बंगाली लैंग्वेज से भी ज्यादा उर्दू जुबान बोलते हैं, लेकिन स्कूलों में उर्दू पढ़ने के लिए कोई लैंग्वेज एक्सैप्टेड नहीं है। इसलिए जहां 10 परसेंट लोग उर्दू पढ़ते हैं और बोलते हैं, वहां उर्दू लैंग्वेज को स्कूलों एवं यूनिवर्सिटीज में कम्पलसरी करना जरूरी है। मैं चाहती हूं कि उर्दू यूनीवर्सिटीज भी हों। उनमें उर्दू स्टूडेंट्स को ज्यादा स्पोंसरशिप देनी चाहिए।

उर्दू को प्रोटैक्शन देने के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट को सरकारी मदद देने की बहुत जरूरत है, फिर चाहे वह बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मराठवाड़ा, तामिलनाडु, बंगाल हो अथवा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हमारे देश का कोई भी क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में उर्दू लैंग्वेज बोलने वालों की संख्या ज्यादा है। हमारे देश में उर्दू भाषा बोलने वाले बहुत सारे आदमी हैं। हमारी स्टेट में 30 परसेंट के करीब लोग उर्दू बोलते हैं जिसमें मायनारिटी कम्युनिटी भी शामिल है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश और बिहार में 11 परसेंट है।

श्री दारा सिंह चौहान : महोदया, उत्तर प्रदेश में उर्दू यूनीवर्सिटीज बनाई गई हैं। इसलिए जैसा उत्तर प्रदेश में किया गया है, वैसा ही उर्दू की बेहतरी के लिए सब प्रदेशों में किया जाना चाहिए।

कुमारी ममता बनर्जी : बहुत अच्छा है। यदि किसी प्रदेश ने ऐसा किया है, तो ठीक है। मैडम, मैं कहना चाहती हूं कि जिस प्रदेश ने उर्दू के लिए काम नहीं किया है, वहां यह करना जरूरी है। उर्दू लैंग्वेज को बढ़ावा देने, प्रोटैक्शन देने और कम्पलसरी करने के लिए एक कॉम्प्रीहेंसिव प्लान बनाना जरूरी है, जिससे मायनॉरिटीज को भी लगे कि उनकी भाषा भी बढ़ रही है।

मैडम, जब मैं रेल मंत्री बनी, तो एक छोटा सा मौका मेरे सामने आया। उसी समय मैंने रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की परीक्षाएं देने के लिए अंग्रेजी और हिन्दी के साथ-साथ उर्दू लैंग्वेज को भी कम्पलसरी कर दिया और उसमें ऑल रीजनल लैंग्वेज को भी जोड़ दिया। इस प्रकार से उर्दू को प्रोटैक्शन देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है।

मैडम, इसके अलावा एक बात और है। मायनॉरिटीज की पॉपुलेशन इन्क्रीज हो रही है। जैसे शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स तथा ओ.बी.सी. की इन्क्रीज हुई पॉपुलेशन के अनुसार रिजर्वेशन की व्यवस्था की जाती है, वैसे ही मायनॉरिटीज की बढ़ी हुई पॉपुलेशन के अनुसार रिजर्वेशन की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही, अन्त में, मैं कहना चाहती हूं कि इस विषय पर आज हम लोगों को डिसकशन का मौका मिला है, यह बहुत अच्छा डिसीजन है।

It is a very good decision. हम कहना चाहते हैं कि उर्दू को ज्यादा प्रोटेक्शन देने की जरूरत है।

मैं एक बात और कहना चाहूंगी कि आजादी की लड़ाई हम लोगों ने नहीं लड़ी है, लेकिन जो हमारी परंपरा है, उसके लिए उन्होंने लड़ा है - चाहे गांधी जी हों, चाहे नेता जी हों, चाहे अबुल कलाम आजाद हों, चाहे अंबेडकर हों, चाहे लाल-बाल-पाल हों, चाहे राजेन्द्र प्रसाद हों, चाहे हमारे देश के कोई भी लीडर हों, लेकिन बात यह है कि अब्दुल खान गफ्फार की लड़ाई को हम लोग याद नहीं करते हैं। जब हमारे देश में वर्ष 1857 में सिपाही युद्ध हुआ था, तब झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, टीपू सुल्तान ने जाकर

बहादुर शाह जफर को कहा कि आप आइए और देश की आजादी की लड़ाई में साथ दीजिए। बहादुर शाह जफर ने उनके साथ ज्वाइन किया था। लेकिन बाद में इंडियन्स ने उसके दो लड़कों का मर्डर किया था। बहादुर खान जफर के देहांत होने के बाद उन्होंने एक शायरी लिखी थी कि

"कितना है बदनसीब जफर दफन के लिए, दो गज जमीन भी न मिल सकी कूंचा-ए-यार में।"

यह हमको याद करना चाहिए। मैं कहना चाहूंगी कि

"मुद्दई लाख बुरा चाहे, तो क्या होता है, वही होता है जो मंजूर-ए-खुदा होता है।"

उर्दू लैंग्वेज को हम लोग पसंद करते हैं, इसीलिए कहना चाहती हूं कि इसको खत्म मत करिए। इसको प्रोटेक्शन दीजिए। यह बात फिल्म में भी है। जनता का भी यही कहना है।

अंत में कहना चाहूंगी कि

"सरफरोशी की तमन्ना आज हमारे दिल में, देखते हैं जोर कितना बाजू-ए- कातिल में हैं"

With these words, I thank you very much for giving me this opportunity.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : बिहार में भी चुनाव होने हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब मुझे बोल लेने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब हम खड़े हो गए है। जब स्पीकर खड़े हो जाएं, तो आप बैठ जाएं, ऐसा डेकोरम भी हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। आप इसे जानते हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : इस समय सभी मैम्बरान ने उर्दू जुबान की जो हालत है, उर्दू अखबारनवीसों की जो हालत है, उसे लेकर अपनी फिक्र जाहिर की है, इसलिए मैं चाहती हूं कि सरकार इस ओर पूरी तरह से तवज्जो दे।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Madam Speaker, I entirely agree with the sentiments expressed by the hon. Members including some of my distinguished colleagues in the Cabinet. There are no two opinions… (*Interruptions*) मुझे माफ कीजिए। I would have loved to speak in Urdu, but… (*Interruptions*)

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : आपने माफ शब्द बोला, यह भी उर्दू ही है। ...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : Therefore, I do agree that we are a part of a rich heritage of which Urdu is an integral part. Therefore, I can assure you that the Government will take steps to strengthen this language which is a part of a great national heritage. Already the hon. Prime Minister has instructed the Ministry of Information and Broadcasting to ensure that the Urdu newspapers and other media get due share in their Government funded advertisements of all departments and Ministries which are being routed through the DAVP. Normally the House is divided on issues, but this is one occasion when the entire House was totally united and expressed its solidarity with it. Therefore, keeping that in view, I can assure you Madam and through you to the House that all proper steps will be taken.

13.29 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

14.30 hrs.

The Lok Sabha reassembled after lunch at Thirty Minutes past Fourteen of the Clock

(Mr. Deputy Speaker *in the Chair)*

...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना): उपाध्यक्ष महोदय, हमारा एक निवेदन सुन लीजिए। हम जीरो आवर का नोटिस देते हैं। वह बड़ी मुश्किल से लाटरी में आता है, लेकिन फिर भी यहां बोलने का अवसर नहीं मिलता। यह सभी सदस्यों की शिकायत है। आप कोई समय निर्धारित कर दीजिए जब सदस्य अपनी बात कह सकें। सभी दलों के बड़े नेता किसी न किसी विषय पर रोज बोल लेते हैं, लेकिन जो नए सदस्य आए हैं और नोटिस देते हैं, उनके लिए भी कोई न कोई व्यवस्था होनी चाहिए। बड़ी मुश्किल से बैलेट में नाम आता है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको छ: बजे बोलने का समय दिया जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : छ: बजे बहस चलती रहती है।...(व्यवधान)

उपाघ्यक्ष महोदय : आज नहीं चलेगी।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : छ: बजे बहस चलती रहती है और सरकार की तरफ से यह कहा जाता है कि काम पूरा करने दीजिए, उसके बाद जीरो आवर लेंगे।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : बाकी काम रोककर छ: बजे जीरो आवर ले लिया जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : हमारी प्रार्थना है कि जीरो आवर का एक समय तय कर दीजिए। उस समय सदन की सब कार्यवाही रोककर जीरो आवर ले लिया जाए और उसके बाद दूसरी कार्यवाही ली जाए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय :छ: बजे के बाद जीरो आवर हो जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : अगर आज छ: बजे जीरो आवर नहीं लिया जाएगा तो सदन का काम नहीं चलने देंगे। ...(व्यवधान)

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी.नारायणसामी): मैं आपको आश्वासन दे रहा हूं कि छ: बजे जीरो आवर लेंगे।...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : श्रीमान्, मोस्ट इम्पार्टेंट पांच जीरो आवर को स्पीकर साहब पहले ले लेते थे और शेष बाद में लेते थे। तीन दिनों से वह भी बंद है और तीन दिनों से कोई जीरो आवर नहीं लिया जा रहा है। हम साढ़े आठ बजे बिना नाश्ता-पानी किए भाग-भागकर आते हैं। हमें क्यों दौड़ाया जाता है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : छ: बजे बाकी काम बंद करके जीरो आवर लिया जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : हमारे लिए सरकार के बिजनस से ज्यादा जीरो आवर महत्वपूर्ण है।...(व्यवधान) हम अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण जन-समस्या को उठाते हैं। हमारे क्षेत्र के लोग आंख लगाकर देखते रहते हैं।...(व्यवधान)

14.34 hrs

MATTERS UNDER RULE 377 *

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, the matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them may personally hand over slips at the Table of the House within twenty minutes. Only those matters shall be treated as laid for which slips have been received at the Table within the stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

(i)Need to bring a Central legislation to regulate the service conditions of Nurses working in various parts of the country

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Nurses constitute a vital part of medical sector everywhere in the world. A society cannot withstand without their service. But they are being dishonored and harassed in society. Nursing is such an area that can afford employment to lakhs of youth in the country, where unemployment is a major challenge. But those who select the nursing field, are always belong to average family, whose parents expect job surety and a stable income after the completion of the course and it is a fact that more than 95% of the nursing students finish their course with the help of educational loan. But once they complete the course, they are forced to work, mostly in private hospitals with a very low remuneration and inflexible service conditions which accompany a bond with hospital management. Under these circumstances, they are being forced to work over time with meagre compensations. Their service is considered as very precious, and at the same time they are facing miserable conditions, in every part of the country. Unfair working conditions, low salary and oppressive working

* Treated as laid on the Table.

schedule are the major problems in this field. Indeed these are utter violations of human rights. Hence, the Central Government should bring a legislation to ensure legitimate salary, justifiable service rules and regulations along with better occupational circumstances for the Nurses in national perception.

(ii) Need to set up Centrally Sponsored Surveillance Committees with local MPs as members to monitor the programme of Centrally Sponsored Schemes

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): देश के क्षेत्रीय विकास एवं लोगों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनेक केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिस पर अरबों रूपये खर्च हो रहा है। कई क्षेत्रों में केन्द्र प्रायोजित योजना के कार्यक्रम की सूचना स्थानीय सांसद को नहीं मिल पाती है। जिसके कारण लोगों के विकास के लिए जो काम होने चाहिए और विकास कार्य के लिए जिन कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, वे नहीं हो पाते है क्योंकि स्थानीय सांसदों को इन केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों को सही ढंग से करवाने एवं उनके अच्छे परिणाम प्राप्त करने में स्थानीय सांसदों की कोई भूमिका नहीं है। सांसद केवल सदन में प्रश्न उठाकर एवं शिकायत करके अपनी भूमिका निभाते हैं, जिन पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है। विकास कार्य एवं लोगों के कल्याण संबंधी केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण विकास संबंधी निगरानी कमेटी की तर्ज पर केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम में निगरानी कमेटी बनाकर स्थानीय सांसदों की भूमिका निभाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें।

सदन के माध्यम से अनुरोध हे कि केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम के अच्छे परिणाम के लिए केन्द्र प्रायोजित निगरानी कमेटी बनाकर उसमें ग्रामीण विकास संबंधी निगरानी कमेटी की तर्ज पर स्थानीय सांसदों को निगरानी करने हेतु मौका दिया जाये।

(iii) Need to introduce the Bill for categorization of Scheduled Castes into A,B,C and D groups in Andhra Pradesh

DR. MANDA JAGANNATH (NAGARKURNOOL): There was an agitation for categorization of Scheduled Castes into ABCD groups in Andhra Pradesh, under the auspice of Madiga Reservation Porata Samiti (MRPS), consequent to which Justice (Retd.) Usha Mehra Commission was constituted by Government of India to go into all aspects of sub-categorisation of Scheduled Castes based on their population in the State.

The Commission had submitted its Report to Government of India on 1.5.2008 and with a recommendation to amend Article 341 of Constitution. This matter was raised by me in the Lok Sabha on 9.3.2010 and the Hon'ble Minister of Social Justice and Empowerment sent me the letter dated 12 April, 2010 saying that the matter is under the consideration of Government of India.

Though two years have passed since the submission of Report by the Justice (Retd.) 'Usha Mehra' Commission but no action is forthcoming from the Government of India. I request, the Government of India to take necessary steps to introduce the Bill in the current Session to categorise the Scheduled Castes in Andhra Pradesh into ABCD Groups.

(iv)Need to take steps for revival of Damodar Valley Corporation in West Bengal

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Damodar Valley Corporation is recognized as the 1st Public Sector Undertaking in Independent India. The multipurpose river valley project bears its unique distinction which was conceived by Pundit Lawahar Lal Nehru.

But the age old standard bearer of PSU is now suffering from paucity of funds and virtually grasping for its survival in spite of all the potentialities it hold.

A couple of power units of DVC are crippled due to the acute shortage of coal. It is reported that inadequate supply of Coal rakes from Coal India/ BCCL has been further hindering the availability of coal.

Coal Rakes on the way to Thermal Power Plant are being systematically looted thereby creating shortage of coal. As a result the Mega Thermal plant is compelled to discontinue it's prescribed programme.

The Central electricity Regulatory Authority has also imposed a huge penalty on DVC to the tune of Rs.5000 crores. Now its incumbent upon the Government to save the DVC from the financial crisis.

)

(v) Need to ensure the safety of Railway passengers in the country

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): I would like to draw the attention of the Railway Ministry towards the incidents of robbery in trains which has become order of the day. Unscrupulous criminals befriend the bona-fide passengers and administer them drugs and psychotropic substances in foods and drinks. Because of this kind of inhuman activities not only the valuables of the bona-fide passengers are lost but they also lose their lives. Railways which earns revenue from the passengers for travel have the responsibility to ensure the safety of the passengers. Immediate steps need to be taken to protect the passengers from criminals. I, therefore, suggest to the Minister of Railways that whenever the person boards the train with a reserve ticket, the train ticket examiner while checking the tickets should obtain his thumb impression in a given format and that record should be kept till the journey is over. This measure will cost nothing to the Railways. Further, video coverage for obtaining photograph of those passengers who perform journey in reserve compartments is also an effective method to check the incident of robbery in train. I, therefore, urge upon the Minister of Railways to take such measures which will ensure the safety of bona-fide railway passengers in the country.

(vi)Need to review the decision of Divisional Railway Manager, Dhanbad and re-open the various closed railway crossings and VIP parking at Dhanbad in Jharkhand

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): पूर्व मध्य रेल के फुसरो रेलवे क्रासिंग, चन्द्रपुरा स्टेशन का मानव रहित समपार, नेशनल अंगार पथरा कतरासगढ़ का रेल समपार और धनबाद रेलवे स्टेशन का वी.आई.पी. पार्किंग स्थान मंडल रेल प्रबंधक धनबाद द्वारा बंद कर दिया गया है, जिसके कारण आमजन काफी परेशान हैं। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के लोगों द्वारा बंद और हड़ताल का आयोजन किया गया। रेलवे के अधिकारियों ने पुनः सेवाएं बहाल करने हेतु आश्वस्त किया था लेकिन आज तक इस संबंध में सार्थक परिणाम नहीं आए हैं। इस व्यवहार से जनाक्रोश बढ़ रहा है। इस संबंध में हमने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड और अन्य

संबंधित अधिकारियों से साक्षात्कार कर मामले पर विस्तृत चर्चा की है और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों की प्रति के साथ अपने पत्र के माध्यम से उक्त बंद सेवाओं को पुनः बहाल करने का आग्रह किया है। अभी तक उक्त अधिकारियों के द्वारा की गई कार्रवाई का सार्थक परिणाम नहीं मिला है। आंदोलन एवं हड़ताल से रेल राजस्व की क्षति होती है और जन सुविधाएं बाधित होती हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त बंद सुविधाओं को जनहित में पुनः चालू कराने हेतु शीघ्र आवश्यक निर्देश सक्षम अधिकारी को जारी करने की कृपा की जाये।

(vii) Need to accord permission for opium farming in Himachal Pradesh

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि अफीम अपने आप में एक सामाजिक बुराई जरूर बनी, लेकिन औषधीय विज्ञान में इसका नाम सबसे ऊपर आता है। यह केवल नशे के लिए ही प्रयुक्त नहीं होती है, बल्कि आयुर्वेद, आयुष, होम्योपैथ एवं एलोपैथिक दवाओं में बहुतायत से प्रयोग की जाती है। हमारे देश में दो-तीन प्रदेशों में इसकी खेती के लिए लाइसेंस दिए जाते हैं। मैं आपके माध्यम से सदन एवं वित्त मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में पहले अफीम की खेती बहुतायत में होती थी, लेकिन कतिपय कारणों से उसे बंद कर दिया गया है, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश के किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। हिमाचल प्रदेश की जलवायु, विशेष रूप से सिरमौर जिला अफीम की खेती के लिए सर्वथा उपयुक्त है एवं वहां बहुत अच्छी पैदावार हुआ करती थी। अतः मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश, विशेषकर सिरमौर, शिमला, मंडी और कुल्लू आदि जिलों में अफीम की खेती किए जाने की अनुमति शीघ्रातिशीघ्र प्रदान की जाये।

(viii) Need to provide special financial package to Bihar for the over all development of the State

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): बिहार आज कई दृष्टियों से पिछड़ा राज्य है जबकि विकास संबंधी सारे तत्व यहां मौजूद हैं। बिहार की भूमि की उर्वरता अन्य राज्यों की अपेक्षा ज्यादा है। बिहार के पिछड़ेपन की वजह से सबसे ज्यादा गरीब लोग बिहार में रहते हैं। यहां के लोगों की औसत आय अन्य राज्यों की औसत आय से बहुत ही कम है। औद्योगिकीकरण हेतु कच्चा माल भी बिहार में उपलब्ध है। अत्यंत गरीबी एवं उद्योगों के अभाव के कारण बिहार के लोगों का पलायन अन्य राज्यों को हो रहा है। बिहार में चीनी आधारित उद्योग, एथनोल आधारित उद्योग, स्टील उद्योग एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाने की अपार संभावनाएं हैं। इतिहास गवाह है कि बिहार की संस्कृति एवं बिहार में जन्मे लोगों ने विश्व को एक नई दिशा प्रदान की है। अगर केन्द्र सरकार बिहार में निरक्षरता, उद्योगों के पिछड़ेपन एवं बाढ़ की समस्या के स्थाई निराकरण हेतु आर्थिक सहायता पैकेज दे तो बिहार की गरीबी को दूर किया जा सकता है एवं यहां के लोगों की औसत आय को अन्य राज्यों के समान किया जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार में आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने हेतु केन्द्रीय स्तर पर आर्थिक सहायता पैकेज दिया जाये।

(ix)Need to display banners & signages in Hindi language during Commonwealth Games

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों का खेल होने जा रहा है। उसमें हजारों करोड़ रूपये खर्च होने जा रहा है। परंतु, खेद की बात है कि राजभाषा हिन्दी की उपेक्षा की जा रही है। देश भर के हिन्दी प्रेमियों, साहित्यकारों और राष्ट्र के स्वाभिमानी नागरिकों को इस बात से क्षोभ है। कनॉट प्लेस में निजी दुकानों के साइनबोर्ड सरकारी खर्चे से बनवाये जा रहे हैं। उस पर पहले हिन्दी में लिखा जाना चाहिए। राजभाषा अधिनियम के तहत दिल्ली "क" क्षेत्र में है, जहां सौ फीसदी काम हिन्दी में होना है। सभी बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, पम्फलेट और प्रचार सामग्री हिन्दी में बनवाये जायें। पुलिस के दिशा-निर्देश सूचक पट्टिकाएं हिन्दी में लिखवाये जायें। उद्घाटन और समापन के कार्यक्रम हिन्दी में किये जायें। कमेन्ट्री सभी हिन्दी में की जायें। सरकार और आयोजन समिति इस पर ध्यान दें।

(x) Need to complete the construction of various roads in Madhya Pradesh which are pending with Ministry of Road Transport and Highways

श्री गणेश सिंह (सतना): भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय में मध्य प्रदेश की विभिन्न मदों में सड़कों की स्वीकृति लम्बित है। मैं जानना चाहता हूं कि कल कितने प्रस्ताव राज्य सरकार ने भेजे तथा उनमें से कितनों पर स्वीकृति दी गई है। शेष सड़कों की स्वीकृति कब तक होने वाली है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 75 में सतना नगर में एक बाईपास बनाने का प्रस्ताव लम्बे समय से विचाराधीन है, उसकी स्वीकृति तथा राष्ट्रीय राज्यमार्ग 7 एवं 75 के 4 लाईन सड़क बनाने पर जो विचार हो रहा था, उस पर क्या प्रगति है।

मैंने केन्द्रीय सड़क निधि से अपने क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर से बगहाई, हिनौती, घुंघचिहाई, खमहरिया, अकौना, अबेर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति तथा अंतर्राष्ट्रीय सड़क योजना में सतना से सेमरिया इलाहाबाद मार्ग के निर्माण की मांग की थी, जिस पर क्या कार्यवाही हुई, जानना चाहता हूं।

(xi) Need to direct the banks of the country to follow the guidelines issued by Reserve Bank of India in order to allow the students from minorities to open scholarship accounts in various banks

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): There are disturbing reports that banks are not allowing Muslim students to open scholarship accounts. In 2005, the RBI issued guidelines to banks for opening 'No-frills accounts or Nil balance accounts". These guidelines are still in operation. If banks are reluctant to do so, this is clear violation of Government directives. In Andhra Pradesh, banks have refused to open accounts of Minority Students. About 90,000 Muslim Students could not open their accounts. The Hindu newspaper has reported that there is a sharp decline in the number of bank accounts opened by the Minorities in some states. A Reserve Bank of India report states that the number of bank account holders in the 121 Minority Concentration Districts increased by a mere four per cent during 2008-09 compared with that of 83.80 per cent during 2007-08. It means the banks in minority districts are not adhering to the RBI lending norms for the minorities.

Keeping in view of the above, I sincerely appeal to the Central Government to take this matter seriously and with utmost urgency in the national interest and direct the banks to adhere to the guidelines issued by the Reserve Bank of India.

(xii) Need to keep alive Subarnrekha Sanskar Project in the pendency list of the Central Water Commission

SHRI ARJUN CHARAN SETHI (BHADRAK): A proposal regarding Subarnarekha Sanskar Project amounting to Rs. 970. 28 Crores was submitted by the Government of Orissa to Director, Union Territory Directorate, Central Water Commission, New Delhi during December, 2008. Subsequently as per the observation of Hydrology Directorate, Cost Engineering Directorate and Interstate Directorate of Central Water Commission, the revised Detailed Project Report (DPR) along with compliance to the observation of CWC amounting to Rs. 933.16 crores have been submitted by the Government of Orissa to Central Water Commission. Again as per further observation dated 7.1.2010 of Hydrology Directorate, compliances have been submitted to Central Water Commission. In the meantime, the project has been placed in the 112th Technical Advisory Committee (TAC) of State Flood Control Board and approved by Government in Department of Water Resources. Also the project was placed and approved by the State Flood Control Board on 19.3.2010 under the Chairmanship of Hon'ble Chief Minister of Orissa. The observation of Central Water Commission now made vide their letter dt. 30.3.2010 are being complied. In this context request has been made by the State Government to Central Water Commission that the proposal may not be delisted from the pendency list of the project for the time being. After compliance to observations of Central Water Commission and collection of requisite data from the field authorities, the revised DPR will be prepared by the State Government and submitted to Central Water Commission for examination. Therefore, I urge upon the Government not to delete the above proposal from the pending list of the project for the time being.

(xiii) Need to expedite approval of proposed transfer of State Government land of Nizam Bunglow premises to Defence (Army) in exchange of defence land for four laning of State Highway No. -60 in Maharashtra

SHRI CHANDRAKANT KHAIRE (AURANGABAD): I would like to draw the attention of the Union Government to the urgency and importance of four-lane widening of the Golwadi Crossing (KM 223.600) to Nagar Naka (KM 228.750) section of Aurangabad-Ahmednagar-Pune (SH No.60). This is a very important road having very high traffic density. This stretch gets congested and accidents occur on this road due to heavy traffic which flows from Aurangabad city to Waluj Industrial Area. The four lane widening work of Waluj to Golwadi was completed 12 years ago. The remaining stretch from Golwadi to Nagar Naka is presently two lane only due to non-availability of Defence land on time.

A proposal for transfer of State Government land of Nizam Bunglow premises to Defence (Army) in exchange of Defence land has been mooted and agreed to by the State Government of Maharashtra, World Bank Project Division and other Stakeholders of this project. Speedy approval by the Union Government for this land's transfer proposal would expedite the four laning work of this stretch of SH No. 60.

In view of the above, I urge upon the Union Government to expedite necessary approval for the above mentioned land transfer proposal in the public interest.

14.35 hrs.

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2010-2011

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General) for the year 2010-2011.

Shri Prasanta Kumar Majumdar has tabled two cut motions to the Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General). If the hon. Member wants to move his cut motions, he may send a slip at the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the cut motions he would like to move.

Shri Yashwant Sinha may speak now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2011, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 4, 6 to 9, 11 to 20, 22, 27, 29 to 33, 35, 41, 46, 49, 51 to 54, 56 to 60, 62, 72 to 74, 81, 84, 87,88, 90, 92 to 96, 100, 101 and 103 to 105. "

श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग): उपाध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सदन की एक परम्परा रही है कि सरकार का जो वित्तीय कार्य होता है, उसे हम पास कर ही देते हैं। उसे रोका नहीं जाता है, क्योंकि अगर उसे रोका जायेगा, तो सरकार ठप्प हो जायेगी, देश की गति रुक जायेगी। इसलिए यह जो सप्लीमैंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स वित्त मंत्री जी ने सदन के सामने रखी हैं, वह भी पास हो ही जायेगी। सरकार का काम-काज चलता ही रहेगा और 54,588 करोड़ रुपये उसे अतिरिक्त प्राप्त हो जायेंगे। जिसे सप्लीमैंट्री डिमांड्स का नेट कैश आउटगो कहते हैं, यह वह राशि है यानी जो बजट वित्त मंत्री जी ने इस साल 26 फरवरी को पेश किया, उसके पांच महीने के बाद वे फिर इस सदन के सामने आये हैं कि उनको 54,588 करोड़ रुपया कैश में और चाहिए। यह टेक्नीकल सप्लीमैंट्री नहीं है, अलग से है। विभिन्न मदों में जिसका जिक्र उन्होंने इस पुस्तिका में दिया है। वह इस मांग को सदन के सामने रख रहे हैं। मैंने इसलिए कहा कि सदन वित्तीय काम को पास कर देता है क्योंकि आपको याद होगा कि सन् 1999 में इस सदन के सामने एक ऐसा अवसर आया था कि बजट पास होने से पहले ही सरकार एक वोट से हार गयी थी, अपदस्थ हो गयी थी। लेकिन फिर सबकी सहमति से यह तय हुआ कि पूरे बजट को बिना किसी चर्चा के पास कर दिया जायेगा और वर्ष 1999-2000 का पूरा बजट इस तरह पास हुआ था।

जहां तक सप्लीमैंट्री डिमांड्स का सवाल है, इसमें दो बातें महत्वपूर्ण होती हैं। एक यह है कि साइज ऑफ डिमांड कितना है? मुझे याद है कि वर्ष 2008-09 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने लगभग 7 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया था और उसके बाद फर्स्ट, सैकिंड और थर्ड सप्लीमैंट्री सदन के सामने आयी थीं, जिसमें उन्होंने 1 लाख, 53 हजार करोड़ रुपया और एडिशनल लिया। उस समय मुझे याद है कि मैंने कहा था कि this is actually a fraud on Budget making, क्योंकि बहुत सारी मांगें ऐसी थीं, खर्चे ऐसे थे जिनको बजट बनाते समय ही हम शामिल कर सकते थे। लेकिन हम सब जानते हैं कि वित्त मंत्री क्यों उन खर्चों को नहीं शामिल करते हैं। वे इसलिए उसे शामिल नहीं करते हैं कि जो राजकोषीय घाटा है, फिस्कल डेफिसेट है, उसे वह कम करके दिखा सकें। अब 54, 588 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग सदन के सामने आयी है, यह लगभग वन परसेंट ऑफ जीडीपी है।

मैं मानता हूं कि यह एक बड़ी मांग है। यह पांच हजार करोड़ या दस हजार करोड़ रुपये की बात होती, तो कहते कि सामान्य बात है, कई ऐसी चीजें होती हैं जो फरवरी में ध्यान मे नहीं होती हैं, लेकिन 54,000 करोड़ रुपये एक बड़ी राशि होती है और इतनी बड़ी राशि की आवश्यकता क्यों पड़ी, मुझे लगता है कि इसका स्पष्टीकरण वित्त मंत्री जी को सदन के सामने देना पड़ेगा। दूसरी बात यह है कि बजट बनाते समय क्या यह डिमाण्ड सामने नहीं थी? अगर थी, तो उसको बजट में क्यों नहीं शामिल किया गया? मैं

कुछ आइटम्स की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करता हूं जैसे Grant No. 35 – Transfers to State and Union Territory Governments for (a) Special Plan Assistance to Jammu and Kashmir, (b) Special Central Assistance to Special Category States including Jammu and Kashmir, (c) Additional Central Assistance (ACA) for establishment of Zero Liquid Discharge System in Tirupur, Tamil Nadu for effluent treatment to sustain textile industries, and (d) ACA for Externally Aided Project. The total amount is Rs. 6,379 crore. मेरा मानना है कि यह सारा कुछ जो इसमें लिखा गया है, बजट बनाते समय एंटीसिपेट किया जा सकता था और ऐसा नहीं करना बजट मेकिंग की प्रॉशेस का अपमान है। Likewise, Ministry of Petroleum and Natural Gas Grant No. 72 – for providing compensation to Oil Marketing Companies towards estimated under-recoveries on account of sale of petroleum products. This could have been easily anticipated. कोई कारण नहीं है कि यह मांग सप्लीमेंटरी डिमाण्ड में आए। Likewise, Grant No. 81 – meeting additional requirement of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) (Rs. 6,300 crore), meeting additional requirement of Rs. 337.50 crore of Indira Awaas Yojana under Rural Housing towards construction of additional one lakh houses in the State of Jharkhand. इसे क्यों नहीं एंटीसिपेट किया जा सकता था बजट बनाते समय? मैं यह प्वाइंट आपके सामने रखना चाहता हूं कि थोड़ी-बहुत स्वतंत्रता, छूट वित्त मंत्री को रहती है बजट बनाते समय, लेकिन अगर फर्स्ट सप्लीमेंटरी में ही 54,000 करोड़ रुपये की मांग के साथ वित्त मंत्री आते हैं, तो मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ेगा कि यह सर्वथा अनुचित है और यह राशि उनको बजट में ही इनक्लूड करनी चाहिए थी।

इस समय जो आर्थिक प्रबंधन है पूरे देश का, उसका सबसे बड़ा मुद्दा महंगाई है, जिस पर पिछले दो दिनों में चर्चा हुई थी। मैं उस चर्चा को दोहराना नहीं चाहता हूं, लेकिन कल जब वित्त मंत्री जी उत्तर दे रहे थे, तो उन्हें बहुत ही अजीबोगरीब थियोरी इस सदन के सामने रखी। उन्होंने कहा कि चूंकि ग्रोथ रेट बढ़ रही है, इसलिए महंगाई बढ़ेगी और महंगाई को रोकने के लिए उपाय बताने की बजाए उन्होंने महंगाई का औचित्य इस सदन के सामने रखा।

वित्त मंत्री जी यहां नहीं हैं, होते, तो मैं उनसे पूछता कि क्या वह अर्थशास्त्री हैं? Is he a trained economist? और मैं स्वीकार करता हूं कि मैं ट्रेंड इकोनॉमिस्ट नहीं हूं, कुछ अनुभव है वित्तीय मामलों का, लेकिन मैं ट्रेंड इकोनॉमिस्ट नहीं हूं। जहां तक मुझे ज्ञात है कि प्रणव बाबू भी ट्रेंड इकोनॉमिस्ट नहीं हैं। इसलिए उन्हें किसी ने बताया होगा कि यह इकोनॉमिक्स की थ्योरी है कि अगर ग्रोथ होगी तो महंगाई बढ़ेगी।

मैंने पिछले नौ वर्षों के आंकड़े इकट्ठे किए हैं। ये 21वीं सदी के पहले दशक के आंकड़े हैं। ये आंकड़े हैं कि इस अवधि में जीडीपी ग्रोथ रेट क्या रही और महंगाई की दर क्या रही। मैं उन आंकड़ों को सदन के सामने आपके माध्यम से रखना चाहता हूं और खुद सदन और आप इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बढ़ती महंगाई का ग्रोथ रेट से कोई ताल्लुक है या नहीं है।

मैं अपनी बात शुरू करना चाहता हूं कि सन् 2001-2002 में ग्रोथ रेट 5.8 प्रतिशत रही। आज की सरकार के मुताबिक उसे लो ग्रोथ रेट माना जाएगा। बल्कि वित्त मंत्री जी ने एडीए सरकार पर आरोप लगाया कि आपके समय में महंगाई इसलिए कम थी क्योंकि ग्रोथ रेट नहीं थी। उस साल ग्रोथ रेट 5.8 प्रतिशत रही और होलसेल प्राइस इंडेक्स मात्र 1.6 प्रतिशत रहा। छः प्रतिशत की ग्रोथ रेट कोई बहुत कमजोर नहीं माना जाएगा। उसके बाद भी होलसेल प्राइस इंडेक्स 1.6 प्रतिशत रहा। सन् 2002-2003 में ग्रोथ रेट मात्र चार प्रतिशत रही जीडीपी की, वह इसलिए कि आप जानते हैं, आपको याद होगा कि देश में उस समय सबसे भीषण सुखाड़ आया था। उस समय 40 मिलियन अनाज कम पैदा हुआ था। कृषि का उत्पादन 18 प्रतिशत से घट गया था। इसलिए उस साल ग्रोथ रेट चार प्रतिशत और महंगाई की दर 6.5 प्रतिशत रही यानि ग्रोथ रेट घटी और महंगाई की दर बढ़ी। उसके बाद सन् 2003-2004 में देखें, जो हम लोगों के शासन का अंतिम वर्ष था, उस साल ग्रोथ रेट 8.5 प्रतिशत रही और महंगाई की दर 4.6 प्रतिशत रही। ग्रोथ रेट बढ़ा और 8.5 प्रतिशत तक आ गया और महंगाई की दर घटकर 4.6 प्रतिशत तक हो गई। इनके यूपीए वन के कार्यकाल में सन् 2004-2005 में जीडीपी 7.5 प्रतिशत थी और महंगाई की दर 6.5 प्रतिशत थी यानि पिछले साल की तुलना में ग्रोथ रेट घटी और महंगाई की दर बढ़ी। उसके बाद सन् 2005-2006 में ग्रोथ रेट 9.5 प्रतिशत तक चली गई और होलसेल प्राइस इंडेक्स 4.4 प्रतिशत तक घटकर आ गया। कहीं पर भी दूर-दूर तक ग्रोथ रेट और महंगाई की दर का रिश्ता नजर नहीं आता है। सन् 2006-2007 में ग्रोथ रेट 9.7 प्रतिशत और महंगाई की दर 5.4 प्रतिशत हो गई। सन् 2007-2008 में ग्रोथ रेट नौ प्रतिशत और महंगाई की दर 4.7 प्रतिशत हो गई। सन् 2008-2009 में ग्रोथ रेट 6.7 प्रतिशत और महंगाई

की दर यानि मुद्रास्फीति की दर 8.4 प्रतिशत हो गई। सन् 2009-2010 में ग्रोथ रेट 7.2 प्रतिशत और होलसेल प्राइस इंडेक्स घटकर 1.6 प्रतिशत आ गया।

दस साल के आंकड़े किसी भी अर्थशास्त्री के लिए इस बात को साबित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे, मैं वित्त मंत्री जी की अनुपस्थिति में बोलना नहीं चाहता हूं, लेकिन राज्य मंत्री यहां हैं और वे मेरी बात उन तक जरूर पहुंचाएंगे, इन आंकड़ों को देखने के बाद कोई भी व्यक्ति चाहे वह अर्थशास्त्री हो या गैर-अर्थशास्त्री हो, वह एक ही निष्कर्ष पर पहुंचेगा और वह यह है कि ग्रोथ रेट का मुद्रास्फीति की दर से कोई लेना-देना नहीं है। अगर ऐसा है, तो वित्त मंत्री जी ने जो सिद्धांत कल सदन के सामने निरुपित किया, वह हमें स्वीकार नहीं है। उसके साथ-ही-साथ यह भी कहना पड़ेगा कि जो महंगाई है, उसके दूसरे कारण है। इसी कारण मुझे आश्चर्य नहीं हुआ कि वित्त मंत्री जी ने हमें उपाय नहीं बताए हैं। उन्होंने सदन को विश्वास में ले कर नहीं बताया कि वे महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए कौन-कौन से कदम उठा चुके हैं और कौन-से कदम उठाने वाले हैं। इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि उनकी पूरे मामले की समझ ही गलत है। अगर डाक्टर डायगनोसिस ही गलत करेगा, तो वह बीमारी का सही इलाज नहीं कर सकता है। मुझे लगता है कि आज जो प्रबंधन सरकार के पास है, उसकी डाक्टरी की पढ़ाई में त्रुटि जरूर है, इसलिए आज हमें इस दृश्य को देखना पड़ता है।...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): इलाज आप ही बता दीजिए।

श्री यशवंत सिन्हा : इलाज बताने की जरूरत नहीं है, आप ही का जो आर्थिक सर्वे है, उसे पढ़ लीजिएगा। इसी में इलाज है।...(व्यवधान) सैंट्रल हाल में चाय पिला कर अलग से आपकी क्लास ले लेंगे।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया आपस में बातचीत मत कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री यशवंत सिन्हा : उपाध्यक्ष महोदय, हर इकनोमिक सर्वे में एक आंकड़ा होता है कि मनी सप्लाई का ग्रोथ, एम-थ्री एक साल में कितना बढ़ा है। अगर मनी सप्लाई का ग्रोथ अर्थव्यवस्था में बढ़ता है, तो उसका मुद्रास्फीति पर सीधा असर पड़ता है। तब इसका उपाय किया जाता है, तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया इंटरेस्ट रेट को बढ़ाता है। रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट, ताकि हम मनी सप्लाई को कम कर सकें। आप पिछले नौ वर्षों के आंकड़े देखिए। एम-थ्री का ग्रोथ वर्ष 2001 से शुरू करता हूं 14.1%, 14.7%, 16.4%, 12%, वर्ष 2005-06 में 16.9%, वर्ष 2006-07 में 21.7%, वर्ष 2007-08 में 21.4%, उसके बाद 2008-09 में 18.6% और वर्ष 2009-10 में 16.5% है। यह परसेंटेज ग्रोथ मनी सप्लाई का है। हमारे जैसा कोई भी अनट्रेंड व्यक्ति भी अगर मौका मिलता है और मैं वित्त मंत्री बन जाता हूं, यह देखूंगा कि मनी सप्लाई एम-

थ्री किस परपोरशन में बढ़ रहा है और उसकी चिंता करता हूं, क्योंकि अर्थव्यवस्था में अगर मनी सप्लाई ज्यादा होगी, तो मुद्रास्फीति के ऊपर उसका असर पड़ेगा। इसमें एक और सिद्धांत है, जिसे लिक्विडिटी ओवर हैंग कहते हैं, इसका असर एक-डेढ़ साल के बाद अर्थव्यवस्था पर देखने को मिलता है। इसलिए वर्ष 2006-07 में, वर्ष 2007-08 में अगर मनी सप्लाई का ग्रोथ 21 परसेंट से ऊपर रहा, तो उसका असर वर्ष 2008 में देखने को मिलेगा, वर्ष 2009 को देखने में मिलेगा। इस बार हम देख रहे हैं कि मुद्रास्फीति में जो ऊफान आया है, उसका कारण पिछले सालों का लिक्विडिटी ओवर हैंग है।

ऑपरेशन मैनेजर के पदों पर लगाया जा सकता है। इन्हें डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन, एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया या एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे विभागों में भी अधिकारी लगाया जा सकता है। ऐसे भी सुझाव हैं कि इन पायलटों को वायुसेना में यातायात पायलट, तटीय गार्ड में पायलट, सभी निजी एयर लाइंस में फ्लाइट डिसपैचर एवम् ऑपरेशन मैनेजर लगाया जा सकता है।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन बेरोजगार युवा पायलटों को शीघ्र रोजगार प्रदान किया जाए।

MR. CHAIRMAN : I would request the Members not to leave the House immediately after they make their remarks.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे इस लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। महोदय, ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि कोई सांसद बाढ़ के विषय में पहली बार बोला हो। इससे पहले भी बिहार समेत देश के विभिन्न राज्यों के सांसद इस गम्भीर मुद्दे पर बाढ़ से बचाव हेतु कई बार संसद के पटल पर बोल चुके हैं। लेकिन आज तक केन्द्रीय सरकार इस गम्भीर विषय पर कोई ठोस रणनीति नहीं बना पाई है। जिस कारण आज लाखों लोग बाढ़ की विभीषिका में जीते और मरते हैं।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में 17 जुलाई को भीषण बाढ़ आई थी। ऐसी बाढ़ पहले 1987 में आई थी। नेपाल में लगातर बारिश की वजह से वहां से आने वाली कोसी नदी का कुसा बांध टूटने से अररिया, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज तो बर्बाद ही हो गए। आपने पहले भी इस तरह की बात सुनी होगी। अररिया में कुरसाकाटा, नरपतगंज, सिक्टी का इलाका, बकरा नदी, परवान नदी और कनकई नदी, सुरसर नदी में इतना पानी आया कि वहां के इलाके की पूरी फसल बर्बाद हो गई। किसान धान की फसल रोप चुका था, लेकिन इस बाढ़ से वहां के किसान की कमर टूट गई है और अब वह दोबारा वह फसल रोपने के लायक नहीं है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारत सरकार इसके लिए कोई ठोस रणनीति बनाए। नदियों के तटबंधों का प्रावधान करे, ताकि बाढ़ से बचाव के लिए इलाके में किसानों की फसल बचे और जो इंफ्रास्ट्रक्चर, रोड, पुल आदि बने हैं, वे भी डैमेज हो गए हैं। कई सड़कें तो प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी थीं। हम लोग पांच साल विकास का काम करते हैं, लेकिन एक दिन जो बाढ़ आती है वह पूरा विकास का काम अपने साथ बहा ले जाती है और वहां तबाही मचा जाती है। इसलिए बकरा नदी से जो कि पहाड़ी नदी है, यह और दूसरी जो कोसी की सहायक नदियां हैं, उनमें इतना पानी आता है कि अचानक घरों में पानी घुस जाता है। इससे किसान

रोता है, खाने के लिए मरता है। मैं केन्द्रीय सरकार से कहूंगा कि एक केन्द्रीय समिति बनाई जाए जो इसकी जांच करे। बाढ़ से बचाव के लिए वहां बाढ़ सुरक्षा बांध बनाए जाएं। इसके अलावा केन्द्र सरकार बिहार सरकार को एक पैकेज दे ताकि बाढ़ और सुखाड़ से वहां की जनता को राहत मिल सके।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदय, मैं नालंदा संसदीय क्षेत्र से आता हूं। 1915-16 से लेकर लगभग 20 वर्ष तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने यहां खुदाई कराई है। इतने लम्बे काल में इस विभाग ने जो विशद खनन, स्मारकों का संरक्षण और पुरानी वस्तुओं का संग्रह किया, इससे नालन्दा की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई है। यह अलेक्जेंडर कर्निघम ही थे, जिन्होंने संसार के पुरातत्वज्ञों का ध्यान इस स्थान के महत्व की तरफ केंद्रित किया। नालन्दा में पिछले तीन वर्षों में जुआफरडीह, बेगमपुर, दामनखंडा, घोड़ा कटोरा का उत्खनन शाखा टीम, पटना के द्वारा किया गया, जिसमें उत्खनन के पश्चात चौथी शताब्दी का बना हुआ प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय पहले की पुरातत्विक साक्ष्यों की कड़ी जोड़ने का काम जुआफरडीह ने किया है, जिसकी वैज्ञानिक तिथि 1200 से 1300 बीसी के बीच आई है और घोड़ा कटोरा के उत्खनन में ताम्र पाषाणिक संस्कृति से ले कर पाल काल तक के रहने के निरन्तर साक्ष्य मिले हैं। प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय की अंशतः उत्खनन होने से हमारे इतिहास और संस्कृति की पूरी जानकारी अभी तक नहीं मिली है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों और चीनी यात्रियों फाहियान और ह्वेनसांग के यात्रा वृतान्त से जो साक्ष्य मिले हैं, उनकी पुष्टि आधे अधूरे उत्खनन कार्य को पूरा करके ही मिलेगी।

मैं इस सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से यह मांग करता हूं कि नालन्दा विश्वविद्यालय एवं इसके साथ-साथ 10 उत्खनन स्थलों, जिसमें बेसमक और तेलहाड़ा शामिल है, वे भी नालन्दा विश्वविद्यालय के इतिहास को ही दोहराएंगे। इसका जो उत्खनन शेष है, उसे यथाशीघ्र कराया जाए।

SHRI RAJAIAH SIRICILLA (WARANGAL): Mr. Chairman Sir thank you very much for giving me the opportunity.

Today, I rise to inform this august House regarding the injustice done in the appointment of higher judiciary. In higher judiciary appointments, collegium system is being followed in which there is Chief Justice of India with two other Judges. They only sponsor the candidates of their own choices thereby the Government has a very little role. As per Article 124(2), consultation is to be taken and not the consent. But contrary to this, the Supreme Court has given some judgment. According to that, the Committee is taking care of that and no SCs, STs

and OBCs are being appointed as senior judiciary officers throughout the country and that is the case in Andhra Pradesh also, particularly in the Telengana region.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Judicial amendment is in the pipeline.

SHRI RAJAIAH SIRICILLA: I know that. I know that some Commission is being constituted. So, my request is that in the National Commission, which is going to come up, please keep some provision to nominate members from the SC, ST and OBC communities so that their interests can be safeguarded.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI : Sir, please allow me to associate with him.

MR. CHAIRMAN: Yes.

Shri G.V. Harsha Kumar – not present.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : महोदय, मैं एक विशेष बात का उल्लेख करना चाहता हूं। सभी राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और सभी राष्ट्रीय टीवी चैनल्स में इसे दिखाया गया है और सीवीसी इसकी इन्क्वायरी कर रही है तथा सीबीआई से इस बात की इन्क्वायरी करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर जुलूस निकल चुका है। लोग इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। दिल्ली में राष्ट्र मंडल खेल होने जा रहे हैं और इसमें पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है।

देश के कुछ मुट्ठी भर लोग गिरोह बनाकर लूट रहे हैं, भ्रष्टाचार हो रहा है। देश के राष्ट्रीय समाचार पत्रों और टीवी में इस बात को दिखाया जा रहा है इसलिए मैं मांग करता हूं कि सदन में इस बात पर चर्चा हो। सीबीआई इंक्वायरी करे, सदन की समिति इंक्वायरी करे, संयुक्त समिति इंक्वायरी करे क्योंकि देश के नाम पर दुनिया में कलंक का टीका लगाया जा रहा है। दुनिया के अच्छे खिलाड़ी इन खेलों में आने से मना कर रहे हैं क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि स्टेडियम सुरक्षित रहेगा। जिस दिन उद्घाटन हुआ उसी दिन ऊपर से पानी टपकने लगा। पैसा लुट रहा है, बह रहा है और देश के नाम पर कलंक का टीका लग रहा है। इस बात की इंक्वायरी हो, संयुक्त संसदीय समिति इंक्वायरी करे, मामला सामने आए ताकि लूटने वालों को गिरफ्तार किया जाए, जेल में बंद किया जाए जिससे देश की इज्जत बच सके।

श्री यशवंत लागुरी : महोदय, मैं वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से संबंधित विषय कार्यवाही में शामिल करने की मांग करता हूं। आदिवासी क्षेत्र में जब कोई उद्योग लगता है या खनन के लिए अनुमति की जरूरत होती है, इसके लिए व्यवस्था बनी हुई है कि स्थानीय लोगों की राय शामिल की जाती है। इसमें व्यवस्था है कि जहां

उद्योग लगेंगे, उनमें जो भी गांव आएंगे, वहां के लोगों की ग्राम सभा के माध्यम से राय ली जाएगी। लेकिन यह इस ढंग से कराया जाता है जिससे प्रतीत होता है कि इसकी कोई इम्पॉर्टेंस नहीं है। यह सच है कि उद्योगपति, खनन करने वाले मालिक निश्चत ही आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं। आदिवासी लोगों से पूछा जाता है कि इनको उद्योग लगाने दिया जाए या नहीं। इसमें एक डेट फिक्स की जाती है और गांव के लोगों को बुलाया जाता है और सामने पूछकर मत व्यक्त करने की व्यवस्था की जाती है। इसमें जो उद्योगपतियों का विरोध करता है वह प्रक्रिया खत्म होने के बाद उनके रोषका शिकार बनता है।

सभापति महोदय : लागुरी जी, अगर आदिवासी एरिया में इंडस्ट्रलाइजेशन नहीं होगा तो उनको पिछड़ापन दूर कैसे होगा? अगर लोग कहेंगे कि हम नहीं बनाने देंगे तो आउटकम क्या होगा?

श्री यशवंत लागुरी: मैं उद्योग के विरोध में नहीं बोल रहा हूं। मैं सरकार से अपील करना चाहता हूं। ग्राम सभा की व्यवस्था में उद्योगपति कुछ वादे करते हैं और प्रक्रिया खत्म होने के बाद उद्योग लग जाता है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई चैकिंग व्यवस्था नहीं है कि जो वादे किए थे उसे कार्यरूप में रुपांतरित किया गया है या नहीं। मैं आशा करता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान देगी।

सभापति महोदयः मैं सतपाल जी का उदाहरण देना चाहता हूं कि अगर वे आगे आ जाएं, मैं इसकी अनुमति देता हूं ताकि उन्हें निकलने का मौका न मिले।

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो : महोदय, बिहार के दो दर्जन से अधिक जिले भयंकर जिले सूखे की लपेट में हैं। पटना, नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, सासाराम, भगुआ, बक्सर, आरा, सीतामढ़ी और शिवहर आदि जिलों सहित 28 जिलों में वर्षा के अभाव में धान का रोपण नगण्य है।धान की पौध खेतों में सूख रही है। भू जल स्तर काफी नीचे चला गया है।

पशुओं के लिए चारे की समस्या गहराती जा रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उस जिले को सूखाग्रस्त कोष से विशेष धनराशि मुहैया कराई जाए। धन्यवाद।

सभापति महोदय : बिहार में कई जिले सूखाग्रस्त घोषित हुए हैं।

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय, मैं एक अति गंभीर विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। बाल श्रम हमारे सामने एक बहुत गंभीर चुनौती है। सदन में अनेकों बार इस विषय पर चर्चाएं हुई हैं। लेकिन फिर भी हालात जहां के तहां है। हम दिल्ली की बात करें तो पिछले आठ-दस दिनों के भीतर हमने समाचार पत्रों में पढ़ा और देखा कि पूर्वी दिल्ली के गणेश नगर में एक ढाबे में

काम करने वाले 14 वर्षीय बालक को बहुत प्रताड़ित किया जाता था। वहां की एक युवती ने साहस का परिचय देकर पुलिस चाइल्ड हैल्प लाइन को सूचना देकर उस बालक को मुक्त कराया।

इसी तरह से सीलमपुर में पांच कारखानों में छापा मारा गया और उन कारखानों से 21 बाल श्रमिक मुक्त कराये गये। उन मुक्त कराये गये बाल श्रमिकों की उम्र 13 वर्ष से कम थी। उन बच्चों से कास्मैटिक के कारखानों और कपड़ों पर जैली करने वाले कारखानों में काम कराया जाता था। कास्मैटिक कारखानों में काम करने पर उनके हाथों और पैरों में स्किन डिसीज भी हो जाती थी और काम करने से मना करने पर उन्हें बुरी तरह से पीटा भी जाता था। यह देश की राजधानी दिल्ली में हो रहा है।

अभी कॉमनवैल्थ गेम्स की तैयारियां चल रही हैं और उन गेम्स की तैयारियों के दौरान हमने देखा कि रोड्स के किनारे कई स्थानों पर बागवानी का काम करते हुए, गिट्टी उठाते हुए, मिट्टी डालते हुए बाल श्रमिक नजर आ जाते हैं। यह देश की राजधानी में हम सबकी आंखों के सामने हो रहा है। हम कहीं भी नजर डालें, हम संसद के एक-दो किलोमीटर के अराउंड कहीं भी जाएं तो हमें बाल श्रमिक काम करते हुए नजर आ जाते हैं।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश की राजधानी में ये हालात हैं। हमने बाल श्रम अधिनियम बनाया है। लेकिन उस अधिनियम का पालन हम ठीक ढंग से राजधानी में नहीं करा पा रहे हैं तो देश के बाकी राज्यों में क्या हालात होंगे। इसलिए मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार बाल श्रम को खत्म करने के लिए गंभीरता से पहल करे और बाल श्रमिकों की पहचान करके उन्हें मुक्त कराये जाने के साथ-साथ उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए तथा संबंधित क्षेत्रों में जहां बाल श्रमिक पाये जाते हैं, वहां श्रम विभाग के जो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी हैं, उन्हें दंडित करने के लिए भी कदम उठाये जाएं। ताकि बाल मजदूरी प्रथा देश से पूरी तरह से खत्म हो सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Rahman Saheb, if you have some emergent work, then I can permit you to go, but you are enhancing the glory of this House.

SHRI N. KRISTAPPA (HINDUPUR): Mr. Chairman, Sir, I would like to bring a very important matter to the notice of the Government and the matter pertains to my parliamentary constituency in Kadiri Municipality of Anantpur District of Andhra Pradesh. One Shaik Ataullah went to Saudi Arabia for employment. He expired in Saudi Arabia on 11.5.2010. Mrs. Shaik Nawaji, his wife, requested the Indian Embassy in the Kingdom of Saudi Arabia for the release of his dead body to India. On 20.6.2010, I requested the Government of India to release the dead

body. On 22.6.2010, I received a letter from the Indian Embassy at Riyadh. The Government of Andhra Pradesh has also written a letter to the Indian Embassy at Riyadh on 7.7.2010 in this regard. In spite of completing all the formalities and after so many reminders to authorities, no action has been taken so far to release the dead body of the poor man and his family is shocked that even after completion of all formalities and lapse of about three months period, the body has not yet been released. It is unfortunate that there is too much delay on the part of the Government of India and the Indian Embassy at Riyadh that a poor family has to wait for such a long time to receive the dead body.

So I strongly demand a probe into the whole issue so that the erring officials are taken to task and request for the release of the dead body at the earliest.

18.35 hrs.

SUBMISSION BY MEMBERS –Contd.

(ii)Re: Need to review the decision to accord environmental clearance to nuclear power plants to be set up in Chandrapur and Nagpur regions of Maharashtra

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है।

महाराष्ट्र में चन्द्रपुर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है जो एक बहुत बड़ी औद्योगिक नगरी है। यहां की एक बहुत बड़ी समस्या विगत लोकसभा में भी उठा चुका हूं जिसका कुछ असर भी हुआ था। यहां पर प्रदूषण इतना बढ़ा हुआ है कि उसका कुछ अनुमान बताना चाहता हूं। केन्द्रीय पर्यावरण और प्रदूषण बोर्ड ने भी उसकी एक रिपोर्ट बनायी है। उसने ऐसे दस शहरों को चुना है, उसमें मेरा चन्द्रपुर क्षेत्र भी है। चन्द्रपुर का क्रम देश के दस शहरों में से चौथे स्थान पर है। अभी प्रधानमंत्री जी यहां नहीं हैं लेकिन मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहूंगा कि इस प्रदूषण से मेरे शहर चन्द्रपुर के नागरिकों का जीना हराम हो गया है और अनेक बीमारियों से पीड़ित हैं। अगर आज भी वहां कोई बच्चा पैदा होता है तो बीमार सा होता है...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Mr. Narayanasamy, please take a note of it. The point is very important. Please take it up with the Minister of Environment.

श्री हंसराज गं. अहीर: सभापति जी, इसके पहले भी चन्द्रपुर के बारे में अमरीका के नासा संस्थान की एक रिपोर्ट छपी थी। उसमें इसका उल्लेख हुआ है। उन्होंने ओजोन मौनिटरिंग सिस्टम से यह रिपोर्ट बनायी थी कि यहां पर यानी चन्द्रपुर परिसर में एसिड के बादल होने की आशंका जतायी थी। इसके साथ जर्मनी की सैटेलाईट ने भी यह रिपोर्ट सरकार को भेज दी है कि यहां प्रदूषण के इतने प्रमाण होने के बावजूद यहां एक बड़ी घटना हो रही है। राज्य सरकार बार बार यहां पॉवर प्लांट लगाये जाने की अनुमति देती जा रही है। आज की स्थिति में देश का सब से बडा पॉवर प्लांट चन्द्रपुर में है जो 2400 मेगावाट बिजली पैदा करता है। इसके अलावा और भी छोटे पॉवर प्लांट्स यहां पर हैं। वहां सीमेंट के प्लांट हैं...(व्यवधान)

सभापति महोदय : यह मुम्बई से कितनी दूर है?

श्री हंसराज गं. अहीर: यह आन्ध्र प्रदेश के बॉर्डर पर नागपुर से आगे है। वहां कोयले की 27 बड़ी खानें हैं। बड़ी पार्टी की सीमेंट की इंडस्ट्रीज हैं, वहां कोल वाशरीज भी हैं। पेपर मिल भी है क्योंकि बांस का ज्यादा उत्पादन होता है। इसके अलावा स्टील प्लांट्स भी हैं.। हम इतनी सारी इंडस्ट्रीज का विरोध नहीं करेंगे। जितनी इंडस्ट्रीज वहां हैं, वे सब कोल बेस्ड हैं। वहां करीब 60 हजार मीट्रिक टन कोयला हर रोज उस ऐरिया में जलता है और इन सारी बातों को सुनकर हमने श्री जयराम रमेश, पर्यावरण मंत्री जी से विनती की थी। उन्होंने पिछले जनवरी और फरवरी में विज़िट की थी। इसके बाद वहां के जितने एनजीओज हैं, उन से मीटिंग की और फिर यह निर्णय लिया था कि इसके बाद यहां एक भी उद्योग नहीं लगाया जायेगा। माननीय मंत्री जी ने हमें वहां आश्वस्त किया था कि नया पावर प्लांट जो कोल बेस्ड होगा, नहीं लगाया जायेगा और अनुमति देने से पहले जितने प्रस्ताव होंगे, उन पर पहले विचार किया जाएगा और जितने प्रस्ताव आये हैं, उन्हें ठंडे बस्ते में रख दिया जायेगा।

सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी के कहने के बाद भी कई निजी पावर प्लांट लगाये जाने की अनुमति मिली है। वहां ऐसे चार निजी पावर प्लांट का काम शुरु हो गया है। राज्य सरकार ने ऐसे 26 और पावर प्लांट लगाये जाने के प्रस्ताव भेजे हैं। यह बहुत ही गम्भीर मामला है। वहां के नागरिकों का जीना मुश्किल हो जाएगा। मुझे वहां इसके गम्भीर परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इससे वहां वाटर पौल्यूशन होगा, अगर एक ही नदी पर 25-25 पावर प्लांट बनायेंगे तो बहुत बड़ी समस्या खड़ी होगी। इसलिये मैं

आपके माध्यम से सरकार से विनती करूंगा कि वहां पर कोई नया पॉवर प्लांट न आये। मेरे जिले में किसी और जगह पर पॉवर प्लांट लगाया जा सकता है, जिसे राज्य सरकार भेजे। मेरे क्षेत्र में 70 किलोमीटर की दूरी पर नदी है...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अहीर जी, हमारे क्षेत्र में एक पॉवर प्लांट रुका है, उसके लिये आन्दोलन हो रहा है। हमारे वहां भी कोयला ज्यादा है।

श्री हंसराज गं. अहीर :महोदय, मैं सरकार से और पर्यावरण मंत्री जी से विनती कर रहा हूं कि इसके बाद वहां किसी भी पावर प्लांट को एनओसी, मान्यता न दें। मैं आपके माध्यम से यह विनती करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Chairman, Sir, you are kind enough to observe that. It is because, he has mentioned that the power plants are coming there and, therefore, environmental problem is being faced, I will convey the sentiment of the hon. Member, as far as Chandrapur is concerned, to the Environment and Forests Minister to look into the matter and try to ensure that the environmental pollution is not there in that area.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, मैं सबसे पहले आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। कई दिनों के बाद शून्यकाल शुरू हुआ है। मैं अध्यक्ष महोदया, का भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हम लोगों का निवेदन स्वीकार किया।

सभापति महोदय : गणेश जी, मैंने प्रयास किया है कि शून्यकाल में सब कुछ शून्य न हो जाये, इसीलिए मैं किसी को भी जाने नहीं दे रहा हूं।

श्री गणेश सिंह: महोदय, मैं भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान देश के पिछड़े हुए क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष पैकेज देने की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। लगातार यह देखा जा रहा है कि राजनीतिक लाभ उठाने की दृष्टि से देश के विभिन्न क्षेत्रों को विशेष पैकेज दिया जाता रहा है, लेकिन जो वास्तविक रूप से पिछड़े हुए क्षेत्र हैं, उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। मैं प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि जिन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पिछड़े हुए क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष पैकेज की मांग की है, उसी के तहत अभी हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विंध्य एवं महाकौशल क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में विशेष पैकेज की जो मांग की गयी है, वह पूर्णतयाः

उचित है। प्रधानमंत्री जी को इस पर गहराई से विचार करना क्योंकि विंध्य एवं महाकौशल क्षेत्र देश के उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है, जहां प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ वहां कई महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मौजूद हैं, लेकिन धन के अभाव के कारण इन दोनों क्षेत्रों का ठीक से विकास नहीं हुआ है। इन क्षेत्रों में लगातार गरीबी बढ़ रही है। इसके साथ-साथ वहां बुनियादी सुविधाएं भी न के बराबर हैं। राज्य सरकार अकेले अपने संसाधनों से इन क्षेत्रों का विकास करने में सक्षम नहीं हो सकती है, लिहाजा मैं भारत सरकार से इन क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष पैकेज देने की मांग करता हूं। मैं भारत सरकार के प्रधानमंत्री जी का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराना चाहता हूं कि एक तरफ तो हम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 87 हजार करोड़ रूपये खर्च कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ जहां करोड़ों की आबादी है, जहां के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, वहां के बारे में हम ध्यान नहीं दे रहे हैं। मैं समझता हूं कि उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है। मैं पुनः विशेष रूप से उन क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष पैकेज की मांग करता हूं।

सभापति महोदयः आप हंसराज जी से थोड़ा समझौता कर लें तो दोनों की तकलीफ दूर हो जायेगी।

श्री गणेश सिंह : मैंने हंसराज जी से निवेदन किया है कि आप वहां से इंडस्ट्री हटा रहे हो और हम लोग मांग रहे हैं।

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): महोदय, मैं गणेश सिंह जी के भाषण से अपने को सम्बद्ध करना चाहता हूं।

सभापति महोदयः अच्छा, ठीक है।

श्री के.डी. देशमुख : महोदय, मेरा अलग मुद्दा भी है। मैं मध्य प्रदेश के बालाघाट और सिवनी जिले से लोकसभा सदस्य चुनकर आया हूं। उत्तर-दक्षिण कॉरीडोर 4 लेन जबलपुर से नागपुर एन.एच. मार्ग स्वीकृत है। यह मार्ग लखनादौन से सिवनी तक बन चुका है। करोड़ो रूपया खर्च होकर 4 लेन मार्ग बन चुका है। मगर सिवनी से खवासा, जो नागपुर मार्ग पर पड़ता है, यह बीस-बाइस किलोमीटर का जो पोर्शन है, इसे ठेकेदार ने छोड़ दिया है। उसने काम बंद कर दिया है। उस पर रोक लग गयी है। छिंदवाड़ा के एनजीओ ने उच्चतम न्यायालय में स्टे लगा दिया है कि इस काम को प्रारम्भ न किया जाये। जहां करोड़ों रूपये खर्च हो चुके हैं, यह प्रमुख मार्ग है।

महोदय, यह कहते हैं कह यह शेरशाह सूरी के जमाने का मार्ग है। जब शेरशाह सूरी का शासन था, उस समय मध्य प्रदेश में एक ही मार्ग था। सिवनी जिला वैसे भी पिछड़ा हुआ जिला है। जबलपुर से सिवनी

और सिवनी से नागपुर जाना होता है। वन्य प्राणियों का आवागमन अवरूद्ध होता है, टाइगर को नुकसान होता है, इसलिए एनजीओ के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी है।

इस मार्ग का काम एक साल से बंद है। शिवनी की जनता आंदोलन कर रही है, इसलिए मेरा निवेदन है कि इस मार्ग को प्रारम्भ किया जाए। इस मार्ग को यदि शुरू नहीं करना था तो बनाना ही नहीं चाहिए था। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि एनजीओज़ तो इसी प्रकार से सुप्रीम कोर्ट में जाते रहेंगे और राजमार्ग का काम रूका रहेगा। शिवनी जिले के लोगों को चिकित्सा के लिए जबलपुर या नागपुर जाना होता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट में जाए और उस मार्ग को प्रारम्भ करने में मदद करे। यदि सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगी तो यह मामला वर्षों तक लंबित पड़ा रहेगा।

सभापति महोदय : धरना प्रदर्शन होने और उसकी पब्लिसिटी होने से कोर्ट पर भी उसका असर पड़ता है।

श्री के.डी. देशमुख : महोदय, एक बार शिवनी जिला बंद हुआ था। लेकिन हम लोग मारकाट नहीं कर सकते हैं क्योंकि शिवनी बहुत शांतिपूर्ण जिला है और पिछड़ा हुआ है।

DR. KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI (AHMEDABAD WEST): Respected Chairman, Sir, I would like to thank you for providing an opportunity to speak on a very vital issue.

We observe that there is injustice to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and the Other Backward Classes so frequently. I would like to draw the attention of the House, through you, Sir, that there is a speculation that through the Central Government, the injustice is being done to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and the Other Backward Classes. I would like to draw the attention of this House to a move of our HRD Ministry.

The Ministry of Human Resource Development is known to make many innovative experiments, and this Ministry has achieved many good results also. But probably, because of some over enthusiasm or pro-activeness, this Ministry is making a University Innovation Bill. The HRD Ministry has prepared a draft Bill on this and it has been circulated among the experts. I am getting pained to say that in this draft Bill, the HRD Ministry has not mentioned about the reservation

for SCs, STs and OBCs. It has talked about the merits only. These innovative Universities will be set up either by public or by private or by PPP mode.

This draft Bill has not mentioned about a clear-cut reservation but it has insisted that it will be strictly on the basis of merit. It says:

> "This University shall be open to all the persons irrespective of nationality, gender, caste, creed, disabilities, ethnicity, social or economic ground."

This draft Bill has been circulated among the experts. I would request the Government of India, through you, Sir, to make necessary changes in this draft Bill for keeping a provision for reservation of SCs, STs and OBCs in this Bill as per the rules of the Government.

As I am coming from Ahmedabad, Gujarat, I would also request the Government of India that if this University Innovation Bill is passed, then one such University should be installed in Ahmedabad, Gujarat. Thank you.

SHRI R. THAMARAISELVAN (DHARMAPURI): Sir, I associate myself with him on this issue.

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Sir, I also associate myself on this issue.

MR. CHAIRMAN: All right, your names would be associated.

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Mr. Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the Government in regard to the miseries of Non-Resident Keralites due to lack of adequate travel facilities in this season of Onam and Ramzan.

Thousands of families of Non-Resident Keralites are worried that their kith and kin would not be able to join them in the festival celebrations due to the utter neglect of the Indian Railways and the Air India.

Sir, I can cite a number of examples of the discrimination done by the Railways towards Kerala. In this festive season, the Railways have not introduced a single special train between Chennai and Trivendrum. Further, compared to last year, 10 special trains from Chennai to other parts of Kerala have been cancelled.

From Mumbai, where lakhs of Keralites are working to earn their livelihood, no special train has been announced till date. In the past though there were some special trains from Delhi yet all those trains were stopped in the recent years. Similarly, Bangalore is another city from where additional trains are desperately needed.

Sir, Southern and Western Railway Authorities have not yet announced any special trains in this festive season.

Moreover, there has not been a slightest of improvement in the services of the Air India between Gulf countries and Kerala. The condition is pathetic. Abrupt cancellations, indefinite delays, callousness and negligence have become the normal feature o the Air India's services between Gulf countries and Kerala.

Although there has always been a demand for additional flights during the festive season, yet the Air India never responded to it. Instead, they always charged exorbitant fares from passengers. The Air India Authorities see the festive season as an opportunity to exploit passengers. They are not even ready to operate A-321 aircraft on this route, which could carry more passengers.

Therefore, in these circumstances, I would request the Government to intervene and ensure that adequate additional trains and flights are provided to Kerala in this festive season.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): सभापति महोदय, मैं आपसे खास कर अनुरोध करता हूं, हमारे अंडमान और निकोबार के दो अम्बेसेडर यहां बैठे हैं - श्री पवन कुमार बंसल जी और श्री नारायणसामी जी। मैं अंडमान और निकोबार का एमपी हूं, किसी डिस्ट्रिक्ट का एम.पी. नहीं हूं। अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह ऐसा फोरेस्ट है, जो भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वर्ल्ड के लिए एसेट है। उस फोरेस्ट में जो कर्मचारी काम करते हैं, जो स्टेट फोरेस्ट सर्विस में एससीएफ हैं, वे लोग करीब-करीब 26 साल से काम कर रहे हैं। कोई-कोई एससीएफ करीब पांच साल से डीएफओ पद में वन विभाग में काम कर रहा है। उनके साथ फोर्थ, फिफ्थ और सिक्स्थ पे-कमीशन में इनजस्टिस किया गया।

सरकार कहती है कि जो एससीएफ है, वह डिपार्टमेंट पुलिस के डीएसपी के रैंक के बराबर है। ऑल इंडिया फोरेस्ट सर्विसेस में जो लोग काम कर रहे हैं, उनका टाइम स्केल के मुताबिक हर चार साल

बाद प्रमोशन होता है और उन्हें फोर्थ, फिफ्थ एंड सिक्स्थ पे-कमीशन का बेनिफिट भी मिला है। इस परिणामस्वरूप अंडमान फोरेस्ट सर्विसेस में जो लोग काम करते हैं, एससीएफ, स्टेट फोरेस्ट सर्विस में बीस साल काम करने के बाद भी उनका प्रमोशन नहीं होता और न ही उन्हें कोई बेनिफिट फोर्थ, फिफ्थ एंड सिक्स्थ पे-कमीशन में मिला है। इसलिए उनके दिल और मन में बड़ी चुभन शुरु हो गई है। इसी मुताबिक अपने प्रशासन अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में स्टेट फोरेस्ट सर्विस एसोसिएशन एनोमली कमेटी में गया था, अंडमान-निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन ने उनकी तकलीफ को देखते हुए, उनके अधिकार को ठीक समझते हुए एनोमली कमेटी ने रिकोमेंडेशन भारत सरकार को भेजी। उन रिकोमेंडेशंस को मान कर उसे मिनिस्ट्री ऑफ फोरेस्ट में भेजा ताकि उन्हें उनके बराबर पे-स्केल 1 जनवरी, 2006 से मिले। सिक्स्थ पे-कमीशन में जो डिस्पेरिटी है, उसे दूर किया जाए।

सभापति महोदय, मेरी आखिरी एक और मांग है कि जो आईएफएस भारत के विभिन्न प्रांतों से आते हैं, अंडमान में जो स्टेट फोरेस्ट सर्विसेस के अधिकारी हैं, उन्हें इंडियन फोरेस्ट सर्विवेस के अधिकारी के समान पैरिटी मिले। मैं फिर से अनुरोध करूंगा, हमारे दो-दो अम्बेसेडर यहां बैठे हैं, बंसल जी और नारायणसामी जी, कृपा करके इस बात को सरकार के पास पहुंचाएं। इस बारे में मैंने संबंधित मंत्री जी से मुलाकात भी कर ली है और उनसे बात भी की है और उन्हें पत्र भी दिया है। मैं आपसे पुन: आग्रह करता हूं कि आप मेरी बात को उन तक पहुंचा दें।

सभापति महोदय : आपने कह दिया, उन्होंने सुन लिया।

श्री विष्णु पद राय : नारायणसामी जी, आपने कुछ बोला नहीं।

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी.नारायणसामी): मैंने आपकी पूरी बात सुनी है।

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me an opportunity.

I would like to invite the attention of this august House to the miseries and problems faced by the passengers of our national air carrier due to unjustifiable delay, cancellation and withdrawal of flights in the Middle East-Kerala sector. Within the short span of last one month, several incidents of flight cancellation and indefinite delay repeated with the Air India flights. These were creating harsh protest among the passengers who were held up in various airports, after booking tickets to reach their hometowns and work places.

On last July 30, 159 passengers bound for Doha and Bahrain were stranded at the Thiruvananthapuram International Airport at night after an Air India Express flight was grounded. The flight was grounded owing to shortage of cabin crew, enforcement of certain regulations of the Director-General of Civil Aviation and delay in arrival of the incoming flight.

IC 457 Kochi-Thiruvananthapuram-Bahrain-Doha flight, scheduled to depart from Kochi at 7.05 p.m. on Friday with 61 passengers, could commence the service only at 11.30 p.m. from the Cochin International Airport at Nedumbaserry. Ninety-nine more passengers boarded that aircraft in Thiruvananthapuram when the flight landed here at 12.15 a.m. But unfortunately, thereafter, the flight departed from Thiruvananthapuram Airport after 48 hours. There is no need to describe the mental harassment suffered by the passengers and bad consequences they were forced to face after the two days delay in the prior scheduled programmes.

Allegations are levelled that the entire lapse is taking place deliberately to help the private airlines operating in the same sector.

Also, it was unfair decision of the Air India to cancel three Air India Express flights from Thiruvananthapuram International Airport to Gulf countries and to cause undue delay and cancellation of flights to Gulf countries from Kerala and *vice-versa*. Now, the Air India management has decided to stop the service of Air India Express flights to Dubai, Sharjah and Abu Dhabi from next month. If they are cancelled, it should be adversely affecting a large number of NRIs employed in those countries. Also, this decision will help the private airlines operating from the Gulf sector to Kerala to hike their airfare to Kerala extremely and it has come as a big blow to the hundreds of NRIs. In fact, the Air India Express service was a great relief to the NRIs because of the lowest air fares and convenient timings.

Many of the passengers, who have booked tickets, due to these delays or cancelled flights, might even lose their jobs if they fail to get at their workplace in time.

Acute shortage of cabin crews is the cause for the cancellation and delay of flights, and the Civil Aviation Ministry should take necessary action to reinstate the cancelled services urgently as it is a serious issue, which will be affecting a large number of NRIs from Southern States of India. Also, the Government should give necessary direction for sufficient staff recruitment to inevitable posts for smooth operations of aircraft from Gulf-Kerala sector. Thank you, Sir.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे सदन में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया है। मैं जिस एरिया से आता हूं वह राजस्थान का पाली क्षेत्र है। पाली की जनता पूरे भारत में रहती है। मैंने इस संबंध में रेल मंत्री जी से मिला था और मैं आपके माध्यम से भी निवेदन करना चाहता हूं कि पाली से दिल्ली के लिए इंटरसिटी की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जाए और दिल्ली से पाली के लिए एक इंटरसिटी रेलगाड़ी चलाई जाए। दूसरी बात यह है कि हमारे क्षेत्र की जनता मजदूरी के लिए विशेष रूप से चेन्नै, पूना, हैदराबाद और मुम्बई रहती है, उसे पाली आने जाने में बहुत कठिनाई होती है। वहां के लिए केवल हफ्ते में केवल एक ट्रेन चलती है। मैं करता हूं कि उसे पूरे हफ्ते रोजाना चलाया जाए। चेन्नै से चलने वाली गाड़ी नं. 2526, हैद्राबाद से चलने वाली गाड़ी नं. 3738, पूना से चलने वाली गाड़ी 1089 और 1090 हैं, उन्हें पूरे सप्ताह, यानी रोजाना चलाया जाए।

महोदय, मैंने एक नई रेल लाइन बर-बिलाडा के लिए भी मांग की है और मंत्री महोदया ने हमें आश्वासन दिया था कि मैं सर्वे करा रही हूं और जल्दी से जल्दी सर्वे को पूरा किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने कहा था कि इसके सर्वे के लिए 30 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि इसके लिए एक भी पैसा स्वीकृत नहीं किया गया है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से मांग करता हूं कि इस लाइन का शीघ्र सर्वे कराया जाए और उसे रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। इससे जनता को बहुत बड़ा फायदा मिलेगा। एक नई रेलवे लाइन पीपाड़ सिटी से वाया भोपालगढ़ होती हुई, आसोप होती हुई, मुंडवा और नागोर के लिए बनाने की मांग की है।

19.00 hrs.

इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से कहना चाहूंगा, नारायण स्वामी जी सुन रहे हैं, ये हमारी बात का पूरा ध्यान रखें, क्योकि हमारे बहुत से लोग बाहर रहते हैं, लम्बे टाइम से वह मजदूरी के लिए जा

रहे हैं, इसलिए लोगों को आने-जाने की बड़ी तकलीफ है। रेलवे की कैपेसिटी 650 है और वेटिंग लिस्ट 900 आ रही है, यह स्थिति है। स्वामी जी, आपको हमारा पूरा ध्यान रखना है और हमारे एरिया की मांग आपको रेल मंत्री से पूरी करानी है। जयहिन्द-जयभारत।

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): सम्मानित सभापति जी, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल अवशेष संशोधन एवं विधिमान्यकरण अधिनियम, 2010 लागू होने से 100 मीटर तक निर्माण कार्य पर पूरा प्रतिबन्ध और उससे आगे 200 मीटर तक नवनिर्माण, पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य सक्षम अधिकारी की अनुमिति से आवश्यक हो गये हैं, अन्यथा निर्माण अवैध होगा तथा दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आ जायेगा।

इस प्रकार का संरक्षण दिल्ली में लाल किला तथा आगरा में ताजमहल जैसी अति-विशिष्ट एवं सुप्रसिद्ध एतिहासिक धरोहरों पर लागू करना तो शायद उचित होगा, परन्तु हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में यह सर्वथा उचित नहीं है। हमारे क्षेत्र में नूरपुर, चम्बा, कांगड़ा, बैजनाथ, भरमौर, किन्नौर, शिमला, सिरमौर सब जगह हाहाकार मचा हुआ है, क्योंकि ये छोटे-छोटे कस्बे हैं, 1-1 किलोमीटर के शहर हैं। इससे लोग पूरी तरह से स्तब्ध हो चुके हैं। यह मौलिक अधिकारों का यह हनन है तथा संविधान का गला घोंटा गया है। यह कल्याणकारी राज्य की परिभाषा का अपमान है। एक व्यक्ति, जो पूरे जीवन की पूंजी तथा खून-पसीने की कमाई से एक मकान बनाता है, उसे अवैध करार दिया जा रहा है। सभी सरकारी विभाग भी इससे विस्थापित हो जाएंगे, चाहे कार्यपालिका के हों, चाहे न्यायपालिका के हों, क्योंकि निर्माण व मरम्मत के नाम पर एक भी ईंट नहीं लगाई जा सकती है।

मैं इस तुगलकी फरमान की घोर निन्दा करता हूं तथा सरकार से पुरजोर अपील करता हूं कि इसे जनकल्याण के हित में जल्दी से जल्दी वापस ले लिया जाये।

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति जी, मैं इनके साथ अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

सभापति महोदय : आप अपनी-अपनी स्लिप टेबिल पर भेज दीजिए, आपका नाम उसमें एसोसिएट हो जायेगा।

श्री बदरुद्दीन अजमल साहब, एक बात मैं आपको बता दूं कि जो मुद्दा आपने उठाया है, वह मुद्दा अभी हुक्मदेव नारायण जी ने अभी उठाया है, जो कॉमनवैल्थ गेम्स हैं, उसी के बारे में आपका है न, अगर आप चाहें तो अपने आपको इसके साथ एसोसिएट कर सकते हैं।

श्री बदरुद्दीन अजमल : आप एसोसिएट कर दें, लेकिन एक-दो लफ्ज़ तो बोलने दें। सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरी एक तो आप सबसे यही गुजारिश है

कि हाउस में कम से कम इस किस्म के इम्पोर्टेंट मैटर, जो पूरे हिन्दुस्तान के नुमाइन्दे लेकर आते हैं, उसके लिए कुछ न कुछ टाइम मिलना चाहिए, इसमें बड़ी कमी हो रही है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप देखते हैं कि मैंने किसी के टाइम में कटौती नहीं की।

श्री बदरुद्दीन अजमल : आज पहली मर्तबा मैं समझता हूं, मुझे मौका मिल रहा है। नम्बर दो-क्वश्चन आंसर के टाइम पर हाउस में जो हंगामा होता है, उसके लिए सारे साथियों से मेरी रिक्वैस्ट है कि कम से कम इस एक घंटे को माफ करें, उसके बाद चाहे जो करें। कम से कम पूरे हिन्दुस्तान के लोगों की जरूरत होती है, पता नहीं, लोग कैसी-कैसी डिमांड लेकर आते हैं, कैसे-कैसे क्वश्चंस होते हैं, लेकिन उसको ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अजमल साहब, यह बात आप सुबह 11 बजे कहिएगा तो ज्यादा असर पड़ेगा।

श्री बदरुद्दीन अजमल : सुबह कहने का मौका ही तो नहीं मिलता। इतने दिनों से यही तो हो रहा है कि बैठे हुए हैं, लेकिन मौका नहीं मिलता।

मैं अपनी बात पर आ रहा हूं कि यह जो खेल का मसला है, हमारे हिन्दुस्तान में देखिये, इंसान की सेहत अगर तन्दरुस्त नहीं होगी, मुल्क का नौजवान अगर तन्दरुस्त नहीं होगा तो मुल्क कैसे आगे बढ़ेगा। कॉमनवैल्थ गेम एक बहुत बड़ी इम्पोर्टेंट चीज है, पूरे मूल्क को इसका इन्तजार था कि यह बहुत अच्छे तरीके से होंगे, कामयाब होंगे, हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे बाहर से जाकर मैडल नहीं ला पाते हैं, यहां बड़े-बड़े मैडल लाएंगे तो पूरी दुनिया में हमारे मुल्क का नाम होगा, लेकिन अफसोस की बात है, अर्जेंट मैटर में मैंने इसे इसलिए दिया कि आज ही पेपर में पढ़ा कि सिर्फ दो महीने बाकी हैं और 36 डिपार्टमेंट्स में अभी तक कोई काम नहीं हुआ है, इसलिए ऐसा न हो कि खेल-खेल में, चूंकि यह खेल का मामला है, खेल-खेल में सारे हराम हलाल हो जायें। मैं आपकी तवज्जह चाहूंगा कि खेल-खेल में ये सारे हराम हलाल हो जायें, इसलिए इसके ऊपर मेरी दरख्वास्त है कि ध्यान दिया जाये। प्राइम मिनिस्टर साहब के खुद के अपने आफिस से, मैडम के यहां से बाकायदा निगरानी हो और जो लोग इस घपले में लिप्त पाये जायें, उनको माफ न किया जाये। पूरी दुनिया में इसकी बदनामी हो रही है। यह हमारे घर का गेम नहीं है, कॉमनवैल्थ गेम है। पूरी दुनिया में बदनामी हो रही है, ऐसा न हो कि किसी को छोड़ दिया जाये।

आखिर में, जो लोग घपलेबाजी कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि देखो ए दीवानों, तुम ये काम न करो, खेल का नाम बदनाम न करो। अपने देश की इज्जत रखो, देश का ख्याल रखो। जय हिन्द, जय भारत।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Friday, 6th August, 2010.

19.06 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, August 6, 2010/Sravana 14, 1932 (Saka).